कोटद्वार, शनिवार
5 अप्रैल 2025
वर्षः 46
अंकः 316 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

एक नजर

नाबालिग से दुष्कर्म और छेड़खानी करने पर दो गिरफ्तार

विकासनगर। नाबालिग बहनों से जंगल में ले जाकर दुष्कर्म और छेड़खानी करने वाले आरोपियों को सहसपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष सहसपुर शंकर सिंह बिष्ट ने बताया कि क्षेत्र की एक महिला ने तहरीर दी थी। बताया कि मूसा पुत्र जमील निवासी हरसनपुर और दिलदार उर्फ दिल्ला पुत्र फाना ने तिमली के जंगल में उसकी नाबालिग पुत्री और भांजी से छेड़खानी की थी। इसके बाद आरोपी मूसा ने उनकी पुत्री के साथ मारपीट कर दुष्कर्म किया। जबकि दूसरे आरोपी दिलदार ने उनकी भांजी के साथ छेड़खानी की। किसी को कुछ बताने और पुलिस में शिकायत करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म, मारपीट, छेड़खानी के साथ पॉक्सो ऐक्ट में मुकदमा दर्ज कर जांच महिला उपनिरीक्षक दीपा शाह के सुपुर्द की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी के निर्देश पर दोनों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई। गठित टीम ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

यात्रा मार्ग को संवारने का चल रहा काम

उत्तरकाशी। आगामी 30 अप्रैल से शुरू होने जा रही चारधाम यात्रा में यमुनोत्री व गंगोत्री धाम के दर्शनों को पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान किसी असुविधा का सामना न करना पड़े इसके लिए उत्तराकाशी के जिलाधिकारी डा. मेहरबान सिंह बिष्ट इन दिनों गंगा व यमुना के उद्गम स्थल सहित यात्रा मार्ग को संवारने में जुटे हुए हैं। जिलाधिकारी अब तक यमुनोत्री यात्रा व्यवस्थाओं के लिए यमुनोत्री धाम में 38 करोड़ तथा गंगोत्री धाम में 40 करोड़ की लागत के कार्य स्वीकृत कर चुके हैं। जिन पर इन दिनों प्राथमिकता के साथ कार्य किया जा रहा है। विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के कपाट आगामी 30 अप्रैल को अक्षय तृतीय के पर्व पर खुलने जा रहे हैं। तीर्थ पुरोहितों के अनुसार यमुनोत्री धाम के कपाट 30 अप्रैल को 11:55 तथा गंगोत्री धाम के कपाट 10:30 पर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जायेंगे। यात्रा व्यवस्थाओं को चाक–चौबंद किया जा रहा है। स्वयं जिलाधिकारी डा. मेहरबान सिंह बिष्ट ने दोनो धामों का स्थलीय निरीक्षण कर यमुनोत्री एवं गंगोत्री धाम में बाढ़ सुरक्षा कार्यों एवं घाटों की मरम्मत के कार्यो को प्राथमिकता दी है गंगोत्री व यमुनोत्री धाम को संवारने के लिए 78 करोड़ स्वीकृत किए हैं। इन दोनों धामों में जिन कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई है, उसमें अधिकांश कार्य तीव्र गति से निर्माणाधीन हैं। इसके अतिरिक्त यमुनोत्री धाम एवं जानकीचट्टी में श्रीराम मंदिर से अखोरी पुल तक यमुना नदी के दोनो तरफ बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य हेतु मशीनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की कार्यवाही की जा रही है। सभी कार्यों को यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व पूरा कराने के संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। – डा. मेहरबान सिंह बिष्ट, डीएम उत्तरकाशी(आरएनएस)।

चिटफंड धोखाधड़ी मामले में हाईकोर्ट ने रिपोर्ट पेश करने को कहा

हल्द्वानी। हाईकोर्ट ने एलयूसीसी चिटफंड कंपनी द्वारा उत्तराखंड के लोगों को 2.29 करोड़ रुपये का चूना लगाकर 2024 में फरार होने और अब तक इस कंपनी पर कोई कार्रवाई न किए जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी नरेंदर व न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ ने एसएसपी पौड़ी व देहरादून को निर्देश दिए हैं कि जिस थाने में कंपनी के लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है, उसके एसएचओ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोर्ट में पेश होकर स्वयं रिपोर्ट प्रस्तुत करें। अगली सुनवाई 8 अप्रैल को होगी। मामले के अनुसार, ऋषिकेश निवासी आशुतोष शर्मा ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा है कि उत्तराखंड में एलयूसीसी नामक चिटफंड कंपनी ने 2014 से लोगों को पैसा दोगुना करने व अन्य बैंकों से अधिक ब्याज देने का लालच देकर, उनका पैसा जमा कराया। इस काम के लिए स्थानीय लोगों को कंपनी में नौकरी भी दी गई। जब लोगों का पैसा लौटाने का समय आया, तो 2023 में कंपनी लोगों की गाढ़ी कमाई के 2 करोड़ 29 लाख रुपये लेकर फरार हो गई।

प्रधानमंत्री मोदी ने वक्फ संशोधन विधेयक के पारित होने को ऐतिहासिक क्षण बताया

नई दिल्ली ,लोकसभा के बाद राज्यसभा से भी वक्फ संशोधन विधेयक पास हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे ऐतिहासिक क्षण करार दिया है। उन्होंने कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक और मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक का पारित होना देश की सामाजिक–आर्थिक न्याय, पारदर्शिता और समावेशी विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक पल है।

उन्होंने कहा कि यह कदम उन लोगों के लिए विशेष रूप से लाभकारी होगा, जो लंबे समय से हाशिए पर रहे हैं और जिन्हें आवाज और अवसर से वंचित रखा गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने सभी सांसदों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इन विधेयकों पर संसदीय और समिति चर्चाओं में भाग लिया, अपने विचार प्रस्तुत किए और इन कानूनों को मजबूत बनाने में योगदान दिया। उन्होंने उन अनगिनत लोगों का भी विशेष धन्यवाद किया, जिन्होंने संसदीय समिति को अपने मूल्यवान सुझाव भेजे। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक बार फिर, व्यापक बहस और संवाद का महत्व साबित हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दशकों तक वक्फ प्रणाली पारदर्शिता और जवाबदेही की कमी का पर्याय रही है, जिससे विशेष रूप से मुस्लिम महिलाओं, गरीब मुसलमानों और पासमांदा मुसलमानों के हितों को नुकसान पहुंचा है। संसद से पारित इन विधेयकों से पारदर्शिता बढ़ेगी और लोगों के अधिकारों की रक्षा होगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अब हम एक ऐसे युग में प्रवेश करेंगे, जहां ढांचा अधिक आधुनिक और सामाजिक न्याय के प्रति संवेदनशील होगा। उन्होंने यह भी कहा कि हम प्रत्येक नागरिक की गरिमा को प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसी प्रकार, हम एक मजबूत, अधिक समावेशी और अधिक दयालु भारत का निर्माण करते हैं। उल्लेखनीय है कि वक्फ (संशोधन) विधेयक राज्यसभा में पारित हो गया है। इसके साथ ही विधेयक को संसद की मंजूरी मिल गई है। ऊपरी सदन में गुरुवार को पेश होने के बाद करीब 12 घंटे चली चर्चा के बाद गुरुवार–शुक्रवार की दरम्यानी रात को विधेयक पारित हुआ। इसके पक्ष में 128 और विरोध में 95 मत पड़े। लोकसभा पहले ही इसे मंजूरी दे चुकी थी।

दर्दनाक हादसा : महिला मजदूरों को ले जा रहा ट्रैक्टर कुएं में गिरा, 8 की मौत

नांदेड़ ,महाराष्ट्र के नांदेड़ में आज एक बड़ी घटना सामने आई है। यहां महिला मजदूरों को ले जा रहा एक ट्रैक्टर कुएं में गिर गया। इस घटना में 8 लोगों की मौत हो गई है। यह हादसा नांदेड़ के अलेगांव शिवरा में हुआ। आशंका जताई जा रही है कि कुछ महिलाएं कुएं में फंसी हो सकती हैं। घटनास्थल पर फिलहाल बचाव कार्य जारी है।

जानकारी के मुताबिक, घटना नांदेड़ इलाके के अलेगांव में सुबह करीब 9 बजे घटी। हिंगोली जिले में एक ट्रैक्टर पर सवार होकर महिला मजदूर हल्दी की कटाई के लिए खेत की तरफ जा रही थीं। रास्ते में कुआं था, इसका अंदाजा ड्राइवर को नहीं था। परिणामस्वरूप ट्रैक्टर सीधे कुएं में जा गिरा। जैसे ही ट्रैक्टर कुएं में गिरा, वहां चीख–पुकार मच गई। घटना के बाद वहां से गुजर रहे कुछ राहगीरों ने सूचना प्रशासन को दी। इसके बाद प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। घटना में 8 लोगों की तो मौके पर ही मौत हो गई। कई महिलाएं कुएं में डूब गईं। इसलिए मौत का आंकड़ा अभी स्पष्ट नहीं है। जबकि, कुएं में गिरी अन्य महिलाओं का रेस्क्यू जारी है।

मणिपुर में तलाशी अभियान

भारी मात्रा में हथियार और गोला–बारूद बरामद

इंफाल ,। मणिपुर के दो जिलों में सुरक्षा बलों ने हाल ही में चलाए गए तलाशी अभियान में बड़ी मात्रा में हथियार, गोला–बारूद और विस्फोटक सामग्री बरामद की है। यह कार्रवाई कांगपोकपी और इंफाल पूर्वी जिले के अलग–अलग इलाकों में की गई, जहां कथित तौर पर कुकी सशस्त्र समूहों ने बंकर बनाए थे। अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने इन बंकरों को नष्ट कर दिया और अवैध हथियारों का जखीरा जब्त किया। यह जानकारी मणिपुर पुलिस ने अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर दी है। कांगपोकपी जिले के एस. मोंगपी रिज क्षेत्र में पहले अभियान में एक 7.62 मिमी एसएलआर मैगजीन, एक .303 राइफल मैगजीन, एक सिंगल बैरल ब्रीच लोडिंग (एसबीबीएल) गन, दो 9 मिमी पिस्तौल मैगजीन, तीन एसबीबीएल गन कार्ट्रिज, तीन .303 गोला–बारूद और एक 38 मिमी एंटी–रायट कार्ट्रिज बरामद किया गया। इसके अलावा, संशोधित पोम्पी बम भी मिले, जिनमें एक लंबी दूरी का, पांच मध्यम दूरी के और दो छोटी दूरी के बम शामिल हैं। साथ ही तीन टियर स्मोक शेल और एक बाओफेंग रेडियो सेट भी जब्त किया गया। दूसरी कार्रवाई इंफाल पूर्वी जिले के ट्विचिन और साइबोल गांवों के आसपास हुई। यहां से एक 12 बोर सिंगल बैरल राइफल, कई हैवी बिपॉड माउंटेड पोम्पी गन (60 मिमी, 55 मिमी और 45 मिमी कैलिबर), और विभिन्न कैलिबर के 75 से अधिक पोम्पी बम बरामद किए गए।

इनमें 82 मिमी, 75 मिमी, 60 मिमी और 45 मिमी कैलिबर के बम शामिल हैं। इसके अलावा, दो बर्मी इलेक्ट्रॉनिक आईईडी (प्रत्येक 5 किलोग्राम), तीन 12 बोर गोला–बारूद और दो बाओफेंग रेडियो सेट भी मिले। इस क्षेत्र में कुकी सशस्त्र समूह द्वारा बनाए गए 13 बंकरों को सुरक्षा बलों ने ध्वस्त कर दिया। अधिकारियों का कहना है कि यह अभियान क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए चलाया गया था।

चौखुटिया में मुख्यमंत्री धामी ने किया चैत्र अष्टमी मेले का शुभारंभ, योजनाओं की दी सौगात

अल्मोड़ा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चौखुटिया के ऐतिहासिक मां अग्नेरी मंदिर प्रांगण में आयोजित चैत्र अष्टमी मेले में प्रतिभाग किया। उन्होंने सर्वप्रथम मां अग्नेरी की पूजा–अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख–समृद्धि की कामना की और सभी को नवरात्रि एवं राम नवमी की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद मुख्यमंत्री मेले के मंच पर पहुंचे, जहां क्षेत्रवासियों ने उनका भव्य स्वागत किया। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मां अग्नेरी केवल गैवाड़ क्षेत्र की रक्षक ही नहीं, बल्कि कत्यूर वंश की कुलदेवी भी हैं। यह मेला धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं है, बल्कि लोककला, संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित करने के साथ–साथ सामाजिक जागरूकता का भी सशक्त माध्यम बन चुका है। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ, नशा उन्मूलन और जैविक खेती से जुड़े नाटकों व झांकियों का भी प्रदर्शन किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने यहां आयोजित चैत्र अष्टमी मेले के लिए 5 लाख रुपए देने की भी घोषणा की।

राज्य में विकास कार्यों का विस्तार

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड पहला राज्य है जिसने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू कर ऐतिहासिक कदम उठाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार विभिन्न नवाचारों को आगे बढ़ा रही है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत क्षेत्र की 28 सड़कों को स्वीकृति मिली है, जो विकास में मील का पत्थर साबित होंगी। उन्होंने कहा कि सरकार सुदूर क्षेत्रों तक सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और पेयजल सुविधाएं पहुंचाने के साथ–साथ धार्मिक संस्कृति के संवर्धन पर भी कार्य कर रही है। मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है। भैरवनाथ मंदिर नवागाड़ी, भैरव मंदिर पांडुखाल और मां नंदा देवी कोटियाताल को धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री की घोषणाएं

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर क्षेत्र के लिए कई घोषणाएं कीं–

चौखुटिया महाविद्यालय में अगले सत्र से स्नातकोत्तर स्तर पर अर्थशास्त्र और अंग्रेजी विषय की कक्षाएं प्रारंभ होंगी, साथ ही स्नातक स्तर पर विज्ञान विषय जोड़ा जाएगा।

द्वाराहाट क्षेत्र की पेयजल समस्या के समाधान के लिए प्राकृतिक जलस्रोतों के पुनर्जीवन हेतु वैज्ञानिक कार्ययोजना तैयार की जाएगी और गगास नदी में छोटे चेक डैम बनाए जाएंगे।

राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास, जिसमें ज्योलीकोट, भवाली, खैरना, मजखाली, द्वाराहाट, चौखुटिया और कर्णप्रयाग मार्गों का कार्य जल्द शुरू किया जाएगा।

सरकारी स्कूलों के छात्रों को मिलने लगी नई किताबें

देहरादून। राज्य के सरकारी और अशासकीय स्कूलों के छात्रों की निशुल्क किताबों की पहली खेप आ गई। दून, हरिद्वार, रुड़की, यूएस नगर, नैनीताल समेत कुछ जिलों में किताबों का वितरण शुरू कर दिया गया। शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने अधिकारियों को सभी जिलों में छात्र संख्या के अनुसार सभी विषयों की किताबों से जल्द से जल्द मुहैया कराने का प्रयास करने के निर्देश दिए। राज्य में इस बार भी किताबों की प्रकाशन की प्रक्रिया काफी विलंब से शुरू हुई है। एहतियान विभाग ने किस्तों में किताब मंगाते हुए बंटवाना शुरू कर दिया है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. मुकुल कुमार सती ने बताया कि प्रकाशकों से चरणबद्ध तरीके से किताबों को मंगाया जा रहा है। कोशिश की जा रही है कि इस वर्ष की मांग के अनुसार भी किताबों से जल्द से जल्द प्रिंट हो जाएं। सभी नई किताबों के आने तक छात्रों को बुक बैंक में जमा किताबों को भी दिया जा रहा है। मालूम हो कि इस वर्ष राज्य में सरकारी और अशासकीय स्कूलों में पहली से 12 वीं कक्षा तक के लिए 80.21 लाख किताबों की आवश्यकता है।

वक्फ बिल के विरोध में सड़कों पर उतरे मुसलमान, अलर्ट जारी

नई दिल्ली ,संसद के दोनों सदनों से वक्फ संशोधन विधेयक पास होने के बाद एक तरफ जहां राजनीति में माहौल गर्माया हुआ है तो वहीं दूसरी तरफ इस विधेयक के विरोध में मुसलमान सडक़ों पर उतर आए है। भाजपा और उसके सहयोगी दलों ने इसे गरीब मुसलमानों के हित में बताया है, जबकि विपक्षी दलों ने इसे संविधान पर हमला करार दिया है और सुप्रीम कोर्ट जाने की बात कही है। बिल पास होने के बाद देश के कोलकाता, अहमदाबाद सहित कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हो रहा है। कोलकाता के पार्क सर्कस में ज्वाइंट फोरम फॉर वक्फ प्रोटेक्शन के तरफ से विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। सडक़ों पर काफी संख्या में मुस्लिम वर्ग के लोग आ गए हैं। प्रदर्शनकारियों के साथ में ह्वुद्व ऋद्धद्वद्गष्ह्व ह्वद्बद्यद्य का बैनर भी नजर आ रहा है। इसके अलावा अहमदाबाद में भी बिल के विरोध में व्यापक प्रदर्शन हो रहा है। लोग कह रहे हैं कि वह जान दे देंगे लेकिन संशोधन को नहीं मानेंगे। वहीं पटना के मुसलमानों ने वक्फ बिल पास होने के बाद कहा कि वे बिल को वापस करने के लिए तमाम मुसलमानों से अपील की कि वे उस बिल के खिलाफ जान देने को तैयार रहे। दूसरे मुसलमानों ने कहा कि वे प्रदर्शन भी करेंगे और सेक्युलर दल मांझी, चिराग और नीतीश कुमार को सबक सिखाएंगे। वहीं, तेलंगाना राज्य वक्फ बोर्ड ने एक आपातकालीन बैठक बुलाई और विधेयक को खारिज कर दिया, जिसमें 41 प्रस्तावित संशोधनों को मुसलमानों के लिए हानिकारक और वक्फ संपत्तियों को हड़पने के उद्देश्य से बताया गया।

वक्फ संशोधन बिल पर मायावती ने जताई असहमति, कहा– सरकार जल्दबाजी में लाई बिल

लखनऊ ,बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने वक्फ संशोधन बिल पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने इसको लाने में जल्दबाजी की है। इस बिल से पार्टी सहमत नहीं है।

बसपा मुखिया मायावती ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि संसद में वक्फ संशोधन बिल पर सत्ता और विपक्ष को सुनने के बाद, निष्कर्ष यही निकलता है कि केंद्र सरकार यदि जनता को इस बिल को समझने के लिए कुछ और समय दे देती तथा उनके सभी संदेहों को भी दूर करके जब इस बिल को लाती तो यह बेहतर होता। उन्होंने आगे कहा कि दुःख की बात यह है कि सरकार ने इस बिल को बहुत जल्दबाजी में लाकर जो इसे पास कराया है, यह उचित नहीं है और अब इस बिल के पास हो जाने पर यदि सरकार इसका दुरुपयोग करती हैं, तो फिर बसपा मुस्लिम समाज का पूरा साथ देगी, अर्थात ऐसे में इस बिल से पार्टी सहमत नहीं है।

ज्ञात हो कि वक्फ बिल लोकसभा से आसानी से पारित होने के बाद राज्यसभा से भी पारित हो गया। बिल के पक्ष में 128 और विपक्ष में 95 वोट पड़े। अब विधेयक को कानून बनने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पास उनकी मंजूरी के लिए भेजा जाना आवश्यक होगा। इसके पहले केंद्र सरकार ने बुधवार को लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पास करा लिया।

सरकार को एनडीए के सभी घटक दलों का समर्थन मिला और विधेयक के पक्ष में वोट किया। हालांकि अभी विपक्षी दल इसका विरोध करके सवाल उठा रहे हैं। इस बिल को पेश करने के बाद दोनों सदनों में लंबी बहस सुनने और देखने को मिली। राज्यसभा में वक्फ बोर्ड बिल के पक्ष में जेपी नड्डा ने कहा कि हमें उम्मीद है सदन इस बिल का समर्थन करेगा।

उन्होंने कहा कि 2013 में इस बिल के लिए जब जेपीसी बनी थी, तब उसमें 13 सदस्य थे। मोदी सरकार में बनी जेपीसी में 31 सदस्य थे। डेमोक्रेसी का मानक यह नहीं है कि हम आपकी ही बात मानें। वाद–विवाद तर्क पर होगा।

रोडवेज को बचाने के लिए ठोस कदम उठाए सरकार

देहरादून। उत्तराखंड रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद ने रोडवेज को बचाने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है। परिषद ने इसके लिए मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में कहा कि रोडवेज को पुनर्जीवित करने की जरूरत है, यदि जल्द सख्त नही उठाया जाता है तो रोडवेज को बचाना मुश्किल हो जाएगा। परिषद के नेताओं ने रोडवेज की माली हालत पर गंभीर चिंता जताई है। कहा कि रोडवेज का बस बेड़ा लगातार कम हो रहा है और आर्थिक संकट बढ़ रहा है, जिससे रोडवेज के अस्तित्व पर संकट मंडरा रहा है। वही, राज्य सरकार को पड़ोसी राज्य से कुछ सीख लेने की जरूरत है। हिमाचल ने नाबार्ड से 250 करोड़ रुपये की सहायता लेकर 297 इलेक्ट्रिक और 24 वॉल्वो बसें खरीदी हैं, उत्तराखंड में इसी तरह के कदम उठाने की जरूरत है। परिषद ने प्रदेश महामंत्री दिनेश पंत ने यह भी बताया कि उत्तराखंड रोडवेज ने हाल ही में 100 बीएस–6 बसों की खरीद के लिए निविदा आमंत्रित की गई थी, लेकिन अंतिम तिथि तक किसी भी बस निर्माता कंपनी ने निविदा प्रक्रिया में भाग नहीं लिया। यह स्थिति केवल टेंडर शर्तों की जटिलता का परिणाम नहीं है, बल्कि निगम की वर्तमान वित्तीय स्थिति और भुगतान क्षमता को लेकर निर्माताओं में व्याप्त शंका का प्रतिबिंब है।

कुछ लोगों की निजी जागीर बनकर रह गया था वक्फ बोर्ड: महाराज

देहरादून)। लोकसभा एवं राज्य सभा में वक्फ संशोधन विधेयक 2025 पास होने पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू को बधाई दी है प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व, संस्कृति, लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज एवं जलागम मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक 2025 पास होना भारतीय लोकतंत्र की एक बड़ी जीत है। सरकार ने मुसलमानों के हित में एक बड़ा कदम उठाया है। मुझे उम्मीद है कि इस बिल के पास होने से सरकार मुसलमानों, खासकर वंचित मुसलमानों, महिलाओं और बच्चों के विकास के लिए योजनाएं पेश करेगी। महाराज ने कहा कि वक्फ बोर्ड कुछ लोगों की निजी जागीर बनकर रह गया था।वक्फ बोर्ड में जो लोग भी काबिज होते थे वह भूमाफियाओं से मिलकर करोड़ों की जमीनों को बेच दिया करते थे। वक्फ के नियम के अनुसार काम नहीं होता था। इस बिल के पास होने से यह एक बार फिर प्रमाणित हो गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार समाज के हर वर्ग का ध्यान रखती है। उन्होंने कहा कि बिल वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में निश्चित रूप से पारदर्शिता और जिम्मेदारी बढ़ाएगा, जिससे वक्फ संपत्तियों का बेहतर उपयोग किया जा सकेगा और उनका दुरुपयोग रोका जा सकेगा। विपक्ष पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि वह समाज में भ्रम फैला रहे हैं और मुसलमानों को डराकर उनको वोट बैंक बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

मोदी सरकार का एक ही मूलमंत्र है। सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास।

सीएम योगी से पुष्कर धामी तक, मनोज कुमार के निधन पर गणमान्यों ने जताया दुख

बोले– ये एक युग का अंत

नई दिल्ली ,अभिनेता मनोज कुमार के निधन पर फिल्म जगत के साथ ही राजनीतिक जगत में भी शोक व्याप्त है। उनके निधन पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत कई नेताओं ने शोक जताया। सभी ने उनके निधन को कला और फिल्म जगत के लिए अपूरणीय क्षति माना। सीएम योगी ने एक्स हैंडल पर लिखा, महान अभिनेता, प्रख्यात फिल्म निर्देशक, पद्मश्री मनोज कुमार का निधन अत्यंत दुःखद तथा कला एवं फिल्म जगत की अपूरणीय क्षति है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवार के साथ हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को सद्गति तथा शोकाकुल परिजनों और उनके प्रशंसकों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। उत्तर प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने लिखा, पद्मश्री एवं दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित भारतीय अभिनेता एवं निर्देशक मनोज कुमार जी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। ह्यरोटी, कपड़ा और मकानह्व व ह्यक्रांतिह्व जैसी बेहतरीन फिल्में देने वाले मनोज कुमार जी का निधन सिनेमा जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लिखा, सुप्रसिद्ध भारतीय अभिनेता और फिल्म निर्देशक, पद्मश्री और दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित मनोज कुमार जी के निधन का दुःखद समाचार प्राप्त हुआ। उनका जाना फिल्म जगत और सिनेमा प्रेमियों के लिए एक अपूरणीय क्षति है। ईश्वर पुण्यात्मा को श्रीचरणों में स्थान एवं शोक संतप्त परिजनों व प्रशंसकों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल ने शोक जताते हुए लिखा, ह्यहै प्रीत जहां की रीत सदा, मैं गीत वहां के गाता हूं, भारत का रहने वाला हूं, भारत की बात सुनाता हूंज्ह्व भारत की आत्मा को अभिव्यक्त करने वाले यह शब्द और मनोज कुमार जी जैसे कि एक दूसरे के पर्याय रहे। मनोज कुमार का निधन भारतीय फिल्म जगत के एक युग का अंत है। उनकी फिल्मों में देश की मिट्टी की सुगंध थी। देश प्रेम से भरी उनकी फिल्में भारत की विरासत की गूंज रही। ह्यभारत कुमारह्व देशवासियों के हृदय पटल पर सदैव जीवित रहेंगे।

मऊमें 25 हजार के इनामी दो बदमाश गिरफ्तार, एक को लगी गोली

लखनऊ, यूपी के मऊमें 25 हजार इनाम के दो बदमाश गिरफ्तार हुए हैं, जिनमें एक को पुलिस मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लग गई है। उसे इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। मऊके अपर पुलिस अधीक्षक महेश कुमार सिंह अत्रि ने बताया कि जनपद में अपराध और अपराधियों के खिलाफ चल रहे अभियान में देर रात थाना घोसी में पुलिस, एसओजी और स्वाट टीम को बड़ी सफलता मिली है। थाना घोसी में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर नरेश और कोमल को गिरफ्तार किया गया है। यह बदायूं के रहने वाले हैं। इन पर 25–25 हजार का इनाम घोषित था। इन्हें थाना घोसी के सरहा पुलिया से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस मुठभेड़ के दौरान नरेश के पैर में गोली लगी है। उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों के कब्जे से 14 अदद सफेद धातु, वजन 797 ग्राम, एक देशी तमंचा 315 बोर, तीन कारतूस जिंदा, दो पेचकस, और एक प्लास बरामद हुआ है।

सुप्रीम कोर्ट में वक्फ संशोधन विधेयक को चुनौती देने की तैयारी

कांग्रेस जल्द दायर करेगी याचिका

नई दिल्ली , संसद में पारित वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की तैयारी शुरू हो गई है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन के बाद अब कांग्रेस ने भी इस विधेयक को संविधान के विरुद्ध बताते हुए कोर्ट का दरवाजा खटखटाने की घोषणा की है। विधेयक को शुक्रवार सुबह पहले लोकसभा, फिर राज्यसभा में पारित किया गया। इसके विरोध में विपक्षी दलों ने व्यापक आपत्ति दर्ज कराई थी।तमिलनाडु विधानसभा में स्टालिन ने काली पट्टी पहनकर विधेयक का विरोध किया और कहा, रात दो बजे विधेयक पारित कराना संविधान की मूल भावना पर हमला है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने का ऐलान किया। इस बीच, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और एआईसीसी महासचिव जयराम रमेश ने ह्यएक्सह्व (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट कर कहा, कांग्रेस जल्द ही वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 की संवैधानिकता को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी।

सम्पादकीय

सुरक्षित सुगम यात्रा का संकल्प

चार धाम व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार के साथ–साथ पुलिस विभाग भी यात्रा की तैयारी को अंतिम रूप देने में लगा है। जहां राज्य सरकार ने चार धाम स्थलों में सुरक्षा एवं व्यवस्था की दृष्टि से इस बार अहम कई परिवर्तन किए हैं तो वही राज्य पुलिस द्वारा भी यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा को सर्वोपरि मानते हुए व्यापक तौर पर पुलिस बल तैनात करने की तैयारी की है। पुलिस महानिरीक्षक स्तर के अधिकारी को नोडल अधिकारी तैनात किया है जबकि जिलों में भी यात्रा को सुचारू रूप से चलाने के लिए कैंप लगाए जाएंगे। इस बार चार धाम यात्रा 20 अप्रैल से शुरू होने जा रही है और अब तक 9 लाख से भी अधिक पंजीकरण हो चुके हैं, जो यह दर्शाते हैं कि इस बार यात्रा का स्वरूप पिछले वर्ष के मुकाबले कहीं अधिक विशाल देखने को मिल सकता है। पिछले वर्ष यात्रा के दौरान कई प्रकार की अव्यवस्थाएं परिवहन व पार्किंग के तौर पर सामने आई थी जिसको मद्दे नजर रखते हुए राज्य सरकार ने परिवहन प्लान भी तैयार किया है। हालांकि देखना यह होगा कि और पीक समय में क्या यह यात्रा प्लान कसौटियों पर खरा उतरता है या हर बार की तरह कागजों में बनाई गई व्यवस्था धरातल पर ढेर हो जाएगी? यात्रा के दौरान स्वास्थ्य प्रबंधन एवं दुर्घटनाओं को रोकना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और यही कारण है कि स्वास्थ्य विभाग यात्रा मार्ग पर कई हेल्थ सेंटर स्थापित करेगा जबकि अनुभवहीन चालकों के लिए इस बार पहाड़ों में वाहन चलाने के लिए परीक्षा की भी व्यवस्था की गई है। पिछले वर्षों में यात्रा मार्ग पर हुई दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण ऐसे चालकों को भी माना गया है। पुलिस विभाग के लिए परिवहन तंत्र को मजबूत बनाने एवं ओवरलोडिंग को रोकने की भी चुनौती होगी जबकि जाम लगने के दौरान यात्रियों को होने वाली परेशानियों को लेकर भी एक ठोस रणनीति पुलिस एवं परिवहन विभाग को समन्वय तौर पर तैयार करनी होगी। उत्तराखंड की चार धाम यात्रा न केवल राज्य में पर्यटन की दिशा से बल्कि इस यात्रा से लाखों लोग अपनी आजीविका के साधन भी जुटाते हैं। सरकार की ओर से यात्रा को सुगम एवं सुचारु रूप से चलने के लिए युद्ध स्तर पर प्रबंध किए गए हैं और उम्मीद की जानी चाहिए कि सरकार के यह प्रयास रंग लायेंगे और देश–विदेश से आने वाले श्रद्धालु एक सुखद अनुभव लेकर वापस लौटेंगे।

आपदा–विपदा में परस्पर सहयोग हो

हरिशंकर व्यास

म्यांमार में भयावह भूकंप आया! शायद ही कभी मालूम पड़े कि हजारों मरे या लाखों! लाखों का जुमला इसलिए है कि 7.7 तीव्रता के झटकों की मौतों, घायलों और बरबादी का म्यांमार में हिसाब रखने वाला है कौन यह वह देश है, जहां दशकों से भेड़ियों का सैनिक शासन है। लोग बेचारे बौद्ध हैं और वे आजादी के बाद से ज्यादातर समय तानाशाही में जी रहे हैं। इनमें वह कोई जिंदादिली, गुर्दा नहीं है जो बतौर मनुष्य अपने आप पर सोच सकें कि वे कैसे जी रहे हैं। कथित ताकतपूर्ण सैनिक शासन के बावजूद म्यांमार के कई इलाकों में अलग–अलग नस्ली, बागी संगठनों के शासन बाड़े हैं। इसी के चलते थाईलैंड की सीमा से लगे इलाके में चीनी माफियाओं, अपराधी गिरोहों के ऐसे सेंटर हैं, जहां इंडोनेशिया, फिलीपीन, भारत आदि के बेरोजगार लडके–लड़कियां नौकरी के झांसे में फंसे बंधुआ हैं। उनसे फोन करवा फ्रॉड होता है। फिर रोहिंग्या मुसलमानों के इलाके हैं, जहां से लाखों लोगों को सेना ने म्यांमार से भगाया है। वे बांग्लादेश के शरणार्थी कैंपों से लेकर भारत में मुंबई, दिल्ली तक फैले हुए हैं।

बहरहाल, भूकंप की खबर आई तो म्यांमार की मदद के लिए कोई नहीं दौड़ा। कहीं चिंता नहीं हुई। खबर में बैंकॉक के विजुअल ज्यादा दिखे। इसलिए क्योंकि पहली बात म्यांमार के सैनिक तानाशाहों ने दुनिया से नाता नहीं रखा है। उनकी पटरी चीन, रूस जैसे तानाशाह देशों से ही पटती है। फिर देश में मीडिया के नाम पर जो है वह सरकारी है। म्यांमार विश्व बिरादरी में अछूत है। इसलिए भूकंप की खबर के बाद वैश्विक प्रतिक्रिया में यह भाव था आया होगा भूकंप, हमें क्या लेना!

ध्यान रहे चीन, रूस और भारत के मदद के लिए आगे आने जैसी बातों का अर्थ नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सैनिक शासन के प्रमुख से बात कर म्यांमार की मदद में 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के जुमले में राहत सामग्री भेजने की जो हेडलाइन बनाई है उसका वैसा ही अर्थ है, जैसे नेपाल में भूकंप के बाद भारत की मदद थी, जिससे नेपाल में हल्ला हुआ 'थोथा चना बाजे घना'!

तभी सोचें, भारत के पड़ोसियों और दक्षिण एशिया के देशों की दशा पर! सभी देश अपने को ऐसे बाड़ों में कनवर्ट किए हुए हैं, जो भीड़ के कारण चिन्हित है मगर बाजार के रूप में। दक्षिण एशिया की समस्याओं, गरीबी, जलवायु परिवर्तनों, आपदाओं–विपदाओं, आपसी और अंदरूनी कलह जैसे पहलुओं से बाकी दुनिया का विशेष सरोकार नहीं है। ऐसा इसलिए भी है क्योंकि दक्षिण एशिया का हर देश अपने आपको तुर्रम खां मानता है। जैसे म्यांमार अछूत है वैसे ही अफगानिस्तान अछूत है। अफगानिस्तान के तालिबान ने अपने बाड़े से गैर–मुसलमानों को भगाया तो म्यांमार ने उधर मुसलमानों को खदेड़ा। अफगानिस्तान और पाकिस्तान दोनों इस्लामी देश हैं और कल भी खबर थी कि खैबर पख्तूनख्वा में तहरीके तालिबान ने पाकिस्तानी सैनिकों को मारा। म्यांमार और श्रीलंका दोनों बौद्ध बहुल हैं और दोनों एक दूसरे प्रति सर्द हैं। भारत और नेपाल हिंदू बहुल हैं मगर नेपाल काफी हद तक अब चीनपरस्त है। बांग्लादेश में क्या हो रहा है, इसका हमें ताजा अनुभव हैं। उसके पास अब चीन की पूंछ पकडने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

दक्षिण एशिया के देशों में जहां रिश्ते ठूंठ, संवेदनहीन, अविश्वासी हैं वही अब डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद जाहिर है कि मानवीयता में मदद के उस वैश्विक कुबेर के दरवाजे बंद हैं, जिसने दूसरे महायुद्ध के बाद दान, दया और दयालुता की भी एक विश्व व्यवस्था बनाई थी।

इस अनहोनी के वैश्विक मायने हैं तो दक्षिण एशिया के लिए भी हैं। बांग्लादेश में लाखों रोहिंग्या शरणार्थी हैं। उनकी मदद के लिए सन् 2007 से अब तक अमेरिका कोई 2.7 अरब डॉलर से ज्यादा खर्च कर चुका है। डोनाल्ड ट्रंप ने उस विभाग–एजेंसी को ही खत्म कर जिया है, जिससे दुनिया भर को दान या मदद जाती थी। इस एजेंसी का चालू वर्ष में 58 अरब डॉलर का बजट था। ट्रंप ने एक झटके में एजेंसी पर ताले लगा दिए। तय मानें अमेरिका द्वारा हाथ खींच लेने के बाद संयुक्त राष्ट्र संघ (यूएनओ) की एजेंसियां भी मदद के मामले में कंगली हो जानी हैं। जब दुनिया का सबसे अमीर देश अमेरिका बदल गया है और उसे प्रभाव और पुण्यता की चिंता नहीं है तो बाकी अमीर देश भी अपने हाथ खींचेंगे। रोहिंग्या तब कैंपों से भाग किधर आएगे भारत में!

तो न म्यांमार के भूकंप पर कोई फिक्र और रोहिंग्या की चिंता। ऐसे ही पश्चिम एशिया के गाजा में इजराइल बनाम हमास की लड़ाई में बेघर और बेमौत मरते लोगों पर गौर करें। क्या वहां के मनुष्यों की कोई चिंता करते हुए है सही है वे मुसलमान हैं और मुसलमान के साथ कुछ भी हो वह दोनों मायनों में एक ही भाव लिए हुए है। एक तरफ इस्लामी धर्म गुरू जाकिर नाईक दलीलें बनाते हुए होंगे कि अल्लाह की यही प्लानिंग है तो दूसरी तरफ राय होगी ये इसी लायक हैं। तभी हैरानी नहीं है जो न इजराइल पसीज रहा है और न हमास पसीजा है। हमास हो या उसके पीछे का ईरान या कोई भी मददगार, उसे इतना तो सोचना चाहिए था कि जब सब खंडहर हो गया है, रमजान के समय में भी राशन का टोटा है तो सभी यहूदी बंधकों की रिहाई कर अपने लोगों को सांस लेने दें।

इससे भी बड़ा अहम सवाल बगल के मिस्र, जोर्डन, सऊदी अरब, कुवैत, खाड़ी देशों पर है। क्या इनमें फिलस्तीनियों के यहां जैसे भी हो खाने–पीने के सामान को पंहुचाने की जिद नहीं होनी थी मुस्लिम छात्रों और नौजवानों ने अमेरिका के विश्वविद्यालयों, कैंपस और लंदन की सड़कों पर प्रदर्शन किया लेकिन काहिरा और रियाद में नहीं। क्या इन्हें फिलस्तीनी शरणार्थियों, बेघर लोगों के लिए बेसिक जरूरतों की सप्लाई बनवाए रखने के प्रदर्शन नहीं करने थे लेकिन इनके प्रदर्शन इजराइल के विरोध की प्राथमिकता में थे न कि मानवीयता के तकाजे में!

इस सबका झंझट डोनाल्ड ट्रंप अब खत्म कर दे रहे हैं। अर्थात पिछले 75 वर्षों में, दूसरे महायुद्ध के बाद बनी मानवाधिकारों, मानवता, करूणा, दया, दान और मदद की वैश्विकता ही मिटा दे रहे हैं। अमेरिका की बनाई विश्व व्यवस्था यदि राजनीति केंद्रित थी तो मानव केंद्रित भी थी। उसका लीडर अमेरिका था तो पश्चिमी सभ्यता और ब्रिटेन, फ्रांस, यूरोपीय संघ उसके हरकारे थे। वह लिबरल जमाना था, जिसका बेसिक सत्व–तत्व था कि मनुष्य को मनुष्य समझो न कि जानवर। और पशु से पृथक मनुष्य की विशिष्टता, बुद्धि से है, जिसकी स्वतंत्रता, समानता, जीवन गरिमा के मानवाधिकारों की रक्षा मानव परमो धर्म है।

भूकंप की खबर आई तो म्यांमार की मदद के लिए कोई नहीं दौड़ा। कहीं चिंता नहीं हुई। खबर में बैंकॉक के विजुअल ज्यादा दिखे। इसलिए क्योंकि पहली बात म्यांमार के सैनिक तानाशाहों ने दुनिया से नाता नहीं रखा है। उनकी पटरी चीन, रूस जैसे तानाशाह देशों से ही पटती है। फिर देश में मीडिया के नाम पर जो है वह सरकारी है। म्यांमार विश्व बिरादरी में अछूत है। इसलिए भूकंप की खबर के बाद वैश्विक प्रतिक्रिया में यह भाव था आया होगा भूकंप, हमें क्या लेना! ध्यान रहे चीन, रूस और भारत के मदद के लिए आगे आने जैसी बातों का अर्थ नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सैनिक शासन के प्रमुख से बात कर म्यांमार की मदद में 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के जुमले में राहत सामग्री भेजने की जो हेडलाइन बनाई है उसका वैसा ही अर्थ है, जैसे नेपाल में भूकंप के बाद भारत की मदद थी, जिससे नेपाल में हल्ला हुआ 'थोथा चना बाजे घना'! तभी सोचें, भारत के पड़ोसियों और दक्षिण एशिया के देशों की दशा पर! सभी देश अपने को ऐसे बाड़ों में कनवर्ट किए हुए हैं, जो भीड़ के कारण चिन्हित है मगर बाजार के रूप में। दक्षिण एशिया की समस्याओं, गरीबी, जलवायु परिवर्तनों, आपदाओं–विपदाओं, आपसी और अंदरूनी कलह जैसे पहलुओं से बाकी दुनिया का विशेष सरोकार नहीं है। ऐसा इसलिए भी है क्योंकि दक्षिण एशिया का हर देश अपने आपको तुर्रम खां मानता है।

ऐसा सोचना, मानना उस तानाशाही विचार और व्यवस्था में संभव नहीं है, जिसमें मनुष्यों को पिंजरे का पालतू बना कर उसे विचार विशेष का गुलाम पशु बनाना उद्देश्य होता है।

तभी 21वीं सदी, सन् 2025 की यह अकल्पनीय तस्वीर है कि अमेरिका वैसा ही बनता हुआ है जैसा रूस है। डोनाल्ड ट्रंप और पुतिन एक ही मनोदशा के हैं। दोनों ताकत के सनकी हैं। नेतन्याहू, पुतिन, डोनाल्ड ट्रंप, म्यांमार का सैनिक तानाशाह मिन आंग ह्लाइंग, चाइनीज राष्ट्रपति शी जिनफिंग एक ही सांचे के वे चेहरे हैं, जिनके दिल–दिमाग में यह प्राथमिकता है ही नहीं कि मनुष्य पर मनुष्य की तरह सोचें! ट्रंप ने अमेरिका के घुसपैठियों को जंजीरों, बेडियों में बांधकर उन्हें उनके देशों में लौटाया या अल सल्वाडोर की जेल में डलवा दिया तो वह मानवाधिकार व मानवीय गरिमा के प्रति उसी निष्ठुरता का संकेत है, जिससे हिटलर का राक्षस रूप बना था।

विषयातंर हो गया है। असल बात है कि डोनाल्ड ट्रंप के डोमिनो इफेक्ट में ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, यूरोपीय संघ सहित सभी उदारवादी समाज अपनी सुरक्षा, अपने अस्तित्व की चिंता में सिमटते हुए हैं। शेष दुनिया की किसी को चिंता नहीं है।

वह वैश्विक सोच खत्म प्राय है कि पृथ्वी और मानवता की रक्षा के लिए सभी एकजुट हों। आपदा–विपदा में परस्पर सहयोग हो। अमीर हैं तो गरीब की मदद करें। उन लोगों, उन संगठनों को दान दें, जो लोगों की भलाई को अपनी जिंदगी का मिशन बनाते हैं। जो सरकारी मशीन से अधिक संवेदनशील मददगार होते हैं। इसलिए लगता है समय का ही फेर है जो करूणा, दया, दान, संवेदना की भावनाएं भी सूखती आबोहवा के साथ सूख रही हैं।

वक्फ विधेयक को समझना: मिथब नाम उजागर किये गए तथ्य

हर्षरंजन

कुछ राजनीतिक संस्थाओं और मुस्लिम समुदाय के भीतर निहित स्वार्थी समूहों द्वारा जानबूझकर अशांति का वातावरण बनाने के लिए भ्रामक जानकारी फैलाने के कारण, वक्फ संशोधन विधेयक 2024 विवाद का विषय बन गया है। पारदर्शिता सुनिश्चित करने, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने और वक्फ संपत्तियों के शासन को सुव्य वस्थित करने के उद्देश्य से बनाए गए इस विधेयक को इन समूहों द्वारा इतना अधिक विकृत किया गया है कि इसकी मूल पहचान ही बदल गयी है। ये निहित स्वार्थ से भरे समूह समुदाय के कल्याण की तुलना में अपने स्वयं के विशेषाधिकारों की रक्षा करने को लेकर अधिक चिंतित हैं।

संशोधन के पीछे का सच

इस विधेयक का विरोध मुख्य रूप से उन लोगों द्वारा किया जा रहा है, जो लंबे समय से वक्फ संस्थानों में पारदर्शिता की कमी से लाभान्वित हुए हैं। ऐतिहासिक रूप से, कुछ समूहों ने वक्फ संपत्तियों पर महत्वपूर्ण नियंत्रण बनाए रखा है और उनकी पहचान सर्वविदित है। उनका विरोध धार्मिक अधिकारों से जुड़ी वास्तविक चिंताओं से नहीं, बल्कि वर्षों से कुप्रबंधित अकूत संपत्तियों और वित्तीय संसाधनों पर अपना नियंत्रण बनाए रखने की इच्छा से प्रेरित है। यदि उनके इरादे वास्तव में समुदाय के कल्याण से जुड़े थे, तो क्या वे बता सकते हैं कि वक्फ संपत्तियों से होने वाली आय में साल दर साल लगातार गिरावट क्यों आ रही है इसमें से सबसे बड़ी विकृतियों में से एक का दावा है कि यह विधेयक सरकार को वैध वक्फ संपत्तियों को जब्त करने में सक्षम बनाता है। वास्तव में, संशोधन केवल जिला कलेक्टर को गलत तरीके से वर्गीकृत संपत्तियों की समीक्षा करने का अधिकार देता है, खास कर ऐसे मामलों में जहां सरकारी या निजीभूमि को गलत तरीके से वक्फ की संपत्ति का नाम दिया गया है। यह उपाय सही स्वामित्व सुनिश्चित करता है और धोखाधड़ी के दावों से बचाता है, जिससे समुदाय और व्यापक सार्वजनिक हित दोनों को लाभ होगा। एक और व्यापक रूप से फैलाया गया मिथक यह है कि विधेयक वक्फ संपत्तियों के सर्वेक्षण को समाप्त कर देता है। इसके विपरीत, यह जिला कलेक्टर को जिम्मेदारी सौंपकर प्रक्रिया को मजबूत करता है, जो स्थापित राजस्व प्रक्रियाओं का उपयोग करके सर्वेक्षण पूरा करेंगे, जिससे निहित स्वार्थी तत्वों द्वारा अशुद्धियों और संभावित हेरफेर को समाप्त किया जा सकेगा।

विरोधियों के पाखंड को उजागर करना

इस विधेयक के सबसे मुखर आलोचक वे हैं, जो लंबे समय से वक्फ संपत्तियों के प्रमुख लाभार्थी रहे हैं। उनका विरोध इन संपत्तियों पर बने अपने वित्तीय साम्राज्यों की रक्षा करने से जुड़ा एक सुनियोजित कदम है। इन संगठनों ने ऐतिहासिक रूप से वक्फ संसाधनों पर एकाधिकार बनाए रखा है तथा वे समुदाय के वंचित वर्गों के लिए निर्धारित धनराशि का अपने स्वयं के एजेंडों के लिए उपयोग करते रहे हैं। पाखंड बहुत बड़ा है! वे मुस्लिम समुदाय के हितों की वकालत करने का दावा करते हैं, जबकि उन्होंने दशकों से व्यक्तिगत लाभ के लिए वक्फबोर्डों में हेर फेर कियाहै। भारत में कई वक्फ बोर्ड इन समूहों से जुड़े व्यक्तियों द्वारा संचालित हैं, जोरा जनीतिक और वित्तीय लाभ के लिए इन निधियों का गलत इस्तेमाल करते रहे हैं। इस अनियंत्रित गलत इस्तेमाल को संशोधन समाप्त करना चाहता है, जिससे वे सुधार के सबसे मुखर विरोधी बन गये हैं।

वक्फ को सच्चे लाभार्थियों के लिए मजबूत करना

चुनिंदा समूहों के एकाधिकार को तोडने के अलावा, यह विधेयक सुन्नी, शिया, बोहरा, आगाखानी और पिछड़े मुस्लिम समुदायों सहित विभिन्न मुस्लिम संप्रदायों के प्रतिनिधित्व को अनिवार्य करके समावेशी भावना को बढ़ाता है, जिससे वक्फ संपत्तियों का निष्पक्ष और लोकतांत्रिक शासन सुनिश्चित होगा। इसके अलावा, वक्फ बोर्डों में गैर–मुस्लिम विशेषज्ञों को शामिल करने से मुस्लिम नियंत्रण को खतरा नहीं है, बल्कि इससे जवाब देही बढ़ती है और कुप्रबंधन को रोकने में बाहरी निगरानी की सुविधा प्राप्त होती है।

इस विधेयक में वित्तीय ऑडिट और पारदर्शी लेखा पद्धतियों को भी शामिल किया गया है, ताकि वक्फ कोष का दुरुपयोग रोका जा सके। समय–समय पर रिपोर्टिंग की आवश्यकताएँ और वक्फ न्यायाधिकरण के निर्णयों के विरुद्ध उच्च न्यायालयों में अपील करने की सुविधा कानूनी निगरानी को और मजबूत करेगी, जिससे वक्फ संपत्तियों द्वारा अपने इच्छित उद्देश्य पूरा करना, जरूरतमंदों को लाभ पहुँचाना और भारत की समृद्ध समन्वयकारी विरासत को संरक्षित करना सुनिश्चित होगा।

सुधार की आवश्यकता

'उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ' प्रावधान को हटाने की सरकार की पेशकश वक्फ संपत्ति के दावों में अस्पष्टता को समाप्त करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। इस प्रावधान का दुरुपयोग बिना औपचारिक वक्फ समर्पण के भूमि पर अवैध रूप से दावा करने के लिए किया गया है, जिससे अंतहीन कानूनी विवाद और भूमि अतिक्रमण हुए हैं। पंजीकरण प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करके, संशोधन निजी और सार्वजनिक दोनों प्रकार की भूमि को गलत दावों से बचाता है, यह सुनिश्चित करता है कि केवल कानूनी रूप से घोषित वक्फ संपत्तियों को ही मान्यता मिले।

आगे का रास्ता

वक्फ संशोधन विधेयक 2024 वक्फ संपत्तियों की पारदर्शिता और कुशल प्रबंधन सुनिश्चित करने की दिशा में एक प्रगतिशील कदम है। इसके प्रावधान; वैध वक्फ संपत्तियों की रक्षा करने, शासन में सुधार करने और इन संसाधनों से लंबे समय से लाभ उठाने वाले निहित स्वार्थी तत्वों को खत्म करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं।

सिकंदर बनी सलमान खान की 18वीं 100 करोड़ी फिल्म, भाईजान ने लिस्ट में अक्षय कुमार को पछाड़ा



सलमान खान स्टारर फिल्म सिकंदर ने अपनी रिलीज के तीन दिन पूरे कर लिए हैं. ईद के मौके पर 30 मार्च को रिलीज हुई सिकंदर ने दो दिनों में वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये और घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 70 करोड़ रुपये से ज्यादा का बिजनेस कर लिया है. सलमान खान के फैंस ईद पर एक्शन सिकंदर का थिएटर में लुत्फ उठा रहे हैं. सिकंदर ने तीसरे दिन बॉक्स ऑफिस पर कितनी कमाई की और फिल्म का कुल कलेक्शन कितना हो गया है आइए जानते हैं. सिकंदर की दो दिनों की ऑफिशियल कमाई की बात करें तो सिकंदर ने वर्ल्डवाइड 54.72 करोड़ रुपये से खाता खोला था और घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 35.47 करोड़ रुपये कमाए थे. सिकंदर ने दूसरे दिन भारत में 39.37 करोड़ रुपए और ओवरसीज में 11.80 करोड़ रुपये की कमाई की थी. सिकंदर का दो दिनों का कुल वर्ल्डवाइड कलेक्शन 105.89 करोड़ रुपये का हो गया है. वहीं, सैकनिल्क के अनुसार, सिकंदर ने तीसरे दिन 19.5 करोड़ रुपये (अनुमानित) की कमाई की है. मंगलवार को फिल्म की कमाई में 32 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है. सलमान खान के पास अब बस एक हफ्ता बचा है, इसके बाद सनी देओल की मास एक्शन फिल्म जाट रिलीज होने जा रही है.

सनराइजर्स पर भारी पड़े नाइटराइडर्स, लगातार 5वीं जीत के साथ बनाया बड़ा रिकॉर्ड

नई दिल्ली, आईपीएल 2025 में गुरुवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को 80 रनों से हरा दिया। सनराइजर्स पर केकेआर की यह लगातार पांचवीं जीत है। पिछले सीजन (2024) के फाइनल मुकाबले में भी केकेआर के हाथों सनराइजर्स हैदराबाद को हार का सामना करना पड़ा था। आईपीएल के इतिहास में सनराइजर्स का प्रदर्शन केकेआर के सामने फीका ही रहा है। ईडन गार्डन में सनराइजर्स हैदराबाद की टीम का साधारण सा प्रदर्शन इसका सटीक उदाहरण है। केकेआर ने हैदराबाद के सामने 80 रन की जीत के साथ दिल्ली कैपिटल्स के एक रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। आईपीएल के इतिहास में केकेआर दिल्ली कैपिटल्स के बाद दूसरी ऐसी टीम बन गई है जिसने सनराइजर्स हैदराबाद पर लगातार पांचवीं जीत हासिल की है।

आईपीएल 2025 : वेंकटेश अय्यर की पारी के कायल हुए इयोन मार्गन

नईदिल्ली,पूर्व इंग्लैंड कप्तान इयोन मॉर्गन ने कहा कि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर की 60 रन की धमाकेदार पारी, सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 80 रन की बड़ी जीत में अहम रही और यह पारी आईपीएल 2025 में उनके लिए एक नया मोड़ ला सकती है। पहले दो मैचों में खराब प्रदर्शन के बाद यह पारी उनके आत्मविश्वास को बढ़ा सकती है।

वेंकटेश अय्यर को इस बार की नीलामी में कोलकाता ने 23.75 करोड़ रुपये में फिर से खरीदा था। लेकिन शुरुआती दो मैचों में वे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस के खिलाफ सिर्फ 6 और 3 रन ही बना सके थे। फिर हैदराबाद के खिलाफ उन्होंने 29 गेंदों में 60 रन ठोक डाले, जिसमें 7 चौके और 3 छक्के शामिल थे। मॉर्गन ने कहा, हमने कई बार देखा है कि जब खिलाड़ियों पर बड़ी कीमत का दबाव होता है, तो वे अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाते। लेकिन वेंकटेश की यह पारी दिखाती है कि शायद अब उनका सीजन सही रास्ते पर आ जाए और कोलकाता की बल्लेबाजी को मजबूती मिले। इसके साथ ही मॉर्गन ने अजिंक्य रहाणे की शांत और सोच–समझकर की गई कप्तानी की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, रहाणे शानदार थे। मैदान पर फैसले लेते समय भावनाओं को एक तरफ रखना एक अच्छे कप्तान की पहचान होती है, और उन्होंने ऐसा ही किया। जब शुरुआती विकेट मिले, तो उन्होंने सही समय पर गेंदबाजी में बदलाव किए, जिससे मैच को अपने पक्ष में कर लिया। शुरुआती झटकों के बाद अंग्कृष रघुवंशी और वेंकटेश अय्यर के अर्धशतकों की मदद से केकेआर ने 20 ओवर में 200 रन बनाए। फिर गेंदबाजों ने कमाल कर दिया और हैदराबाद की पूरी टीम को सिर्फ 120 रन पर आउट कर दिया।

अक्षय कुमार की केसरी: चैप्टर 2 का नया पोस्टर जारी

काफी समय से अक्षय कुमार फिल्म केसरी: चैप्टर 2 को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जिसके निर्देशन की कमान करण सिंह त्यागी ने संभाली है। यह फिल्म इसलिए खास है, क्योंकि इसमें अक्षय के साथ अनन्या पांडे और आर माधवन भी मुख्य भूमिका में होंगे। पहली बार तीनों की तिकड़ी देखने के लिए दर्शक बेताब हैं। अब निर्माताओं ने केसरी: चैप्टर 2 का नया पोस्टर जारी कर दिया है, जिसमें अक्षय, अनन्या और माधवन की झलक दिख रही है। केसरी: चैप्टर 2 का ट्रेलर आज 3 अप्रैल को रिलीज किया जाएगा। यह फिल्म 18 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों का रुख करेगी। अक्षय ने लिखा, 1650 गोलियां, 10 मिनट और 1 आदमी जो इसके खिलाफ दहाड़ता रहा।

भारत को हिला देने वाले भयानक नरसंहार के पीछे की सच्चाई को देखें। यह फिल्म शंकरन नायर की बायोपिक है, जो जलियांवाला बाग नरसंहार में जनरल डायर की भूमिका को उजागर करने के लिए ब्रिटिश राज के खिलाफ लड़ाई को दिखाएगी।

ज्वेल थीफ से सैफ अली खान की नई झलक आई सामने

पिछले कुछ समय से अभिनेता सैफ अली खान अपनी आगामी फिल्म ज्वेल थीफ: द हीस्ट बिगिन्स को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जिसके निर्देशन की कमान सिद्धार्थ आनंद ने संभाली है। इस फिल्म में दिग्गज अभिनेता जयदीप अहलावत भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। अब ज्वेल थीफ से सैफ की नई झलक सामने आ चुकी है, जिसमें उनका धांसू अवतार दिख रहा है। आइए जानें आप यह फिल्म कब और कहां देख पाएंगे। ज्वेल थीफ सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि ओटीटी प्लेट-फॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। फिल्म का प्रीमियर 25 अप्रैल, 2025 से नेटफ्लिक्स पर होने जा रहा है। नेटफ्लिक्स ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, दुनिया उसके पीछे पड़ी है,

75 लाख के खिलाड़ी ने आईपीएल के लिए कैंसिल किया अपना हनीमून, अब डेब्यू मैच में रचा इतिहास

कोलकाता,कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आईपीएल मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को 80 रनों से करारी हार का सामना करना पड़ा. लेकिन, अपने आईपीएल डेब्यू मैच में सनराइजर्स के हरफनमौला खिलाड़ी कामिंदु मेंडिस ने इतिहास रच दिया. वह आईपीएल इतिहास में एक ही ओवर में दोनों हाथों से गेंदबाजी करने वाले और विकेट हासिल करने वाले पहले गेंदबाज बन गए. केकेआर की पारी के 13वें ओवर में कामिंदु मेंडिस ने 3 गेंद लेफ्ट आर्म स्पिन फेंकी. वहीं, 3 गेंद राइट आर्म ऑफ स्पिन फेंकी. इस ओवर की चौथी गेंद पर उन्होंने अंगकृष रघुवंशी को हर्षल पटेल के हाथों कैच आउट कराकर अपना पहला विकेट लिया. इसके साथ ही वह आईपीएल के इतिहास में विकेट लेने वाले पहले उभयलिंगी (लेफ्ट और राइट दोनों हाथों से गेंदबाजी) गेंदबाज भी बन गए. कामिंदु मेंडिस एक प्रतिभाशाली युवा श्रीलंकाई क्रिकेटर हैं, जो न केवल अपने हरफनमौला खेल के लिए जाने जाते हैं, बल्कि एक दुर्लभ और उल्लेखनीय कौशल – उभयलिंगी गेंदबाजी भी करते हैं. मेंडिस ने घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों क्रिकेट में प्रभावित किया है. वह चल रहे आईपीएल 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद का हिस्सा हैं. 30 सितंबर, 1998 को श्रीलंका के गॉल में जन्मे कामिंदु मेंडिस ने रिचमंड कॉलेज में पढ़ाई की. कॉलेज से ही उनका क्रिकेट का सफर शुरू हुआ. कम उम्र से ही वह दुर्लभ दोनों हाथों से गेंदबाजी करने लगे थे.

एक नजर

छात्रों को उद्यमिता को आत्मात करने के लिए प्रेरित किया

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखंड एवं भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के सहयोग से राजकीय व्यावसायिक महाविद्यालय बनास पैठाणी में स्थापित देवभूमि उद्यमिता विकास केंद्र में 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को उद्यमिता को लेकर कई जानकारियां दी गई। मुख्य अतिथि स्थानीय उद्यमी, समाज सेवक एवं चिकित्सक डा. मनवर सिंह रावत ने महाविद्यालय में इस तरह के कार्यक्रमों की सराहना करते हुए अपनी उद्यमिता की कहानी को छात्र-छात्राओं के साथ साझा किया। कहा कि अगर हमे जीवन में कुछ अच्छा करना है तो अनुशासन एवं व्यवहार हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है।

शुक्रवार को कार्यक्रम के अंतिम दिवस में महाविद्यालय के फैकल्टी मेंटर डा. प्रकाश फोंदणी ने छात्र-छात्राओं को उद्यमिता को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य एवं कार्यक्रम संयोजक डा. पुनीत चंद्र वर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस तरह के कार्यक्रम छात्र-छात्राओं के सफल भविष्य के निर्माण में मील का पत्थर साबित होंगे। उन्होंने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से प्रतिभागियों को बताया कि हैंडीक्राफ्ट, प्राकृतिक उत्पाद, सिलाई कढ़ाई, बुनाई, प्रमाणिक फसलों, हार्टिकल्चर प्रोडक्ट्स आदि की अच्छी प्रकार से पैकेजिंग करके भी हम बढ़ती हुई बाजार मांग के अनुरूप आपूर्ति कर सकते है। मुख्य वक्ता डा. सतवीर ने उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत प्रथम दिवस से बारहवे दिवस तक किए गए सभी क्रियाकलापों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। डा. उर्वशी ने कहा कि आज के युवा कल के भविष्य है इसलिए हमे अपनी पूरी ऊर्जा का प्रयोग कैरियर संवारने में करना चाहिए, ताकि हम समाज में एक अच्छा उद्यमी बन सके। इस मौके पर डा. खिलाप सिंह, सतीश सिंह आदि शामिल रहे।

रेनबो स्कूल के 14 छात्रों ने जीते गोल्ड मेडल

श्रीनगर गढ़वाल : रेनबो पब्लिक स्कूल ने एसओएफ नेशनल साइंस ओलंपियाड 2024-25 में 14 गोल्ड मेडल प्राप्त किए हैं। छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय की प्रधानाचार्य डा. रेखा उनियाल सहित शिक्षकों ने खुशी जाहिर की है। विद्यालय की प्रधानाचार्य डा. रेखा उनियाल ने बताया कि एसओएफ नेशनल साइंस ओलंपियाड (एनएसओं) 2024-25, विज्ञान ओलंपियाड फाउंडेशन (एसओएफ) द्वारा आयोजित एक वार्षिक परीक्षा है, जो कक्षा 1 से 12 तक के छात्रों के लिए विज्ञान में उनकी योग्यता और क्षमता का आंकलन करती है। उन्होंने बताया कि एसओएफ नेशनल साइंस ओलंपियाड 2024-25 में कक्षा चौथी के विराज घिल्ड़याल ने 489 अंतर्राष्ट्रीय रैंक, कक्षा पांचवी के चिराग खत्री, शिवंग चटर्जी, कक्षा छठवीं की आरूषि और अनुकृति, कक्षा सांतवी के सुभांश कोठियाल, रहंस रावत, ऋषभ हटवाल, कक्षा आठवीं की ईशा बुटोला, इशिका चौहान, कक्षा नौवीं के आराध्या सिंह, उदय विक्रम सिंह, कक्षा 11वीं के राघव बहुगुणा और सोनाली नेगी ने अंतर्राष्ट्रीय और जोनल रैंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है। (एजेंसी)

संविदा कर्मियों ने आंदोलन की चेतावनी दी

श्रीनगर गढ़वाल : 33/11 केवी सबस्टेशन श्रीकोट में कार्यरत संविदा कर्मचारियों ने वेतन न मिलने पर विद्युत वितरण खंड श्रीनगर के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने बताया कि फर्म का अनुबंध 16 फरवरी 2025 को समाप्त हो गया था, लेकिन उनके वेतन और कुछ महीनों की ईपीएफ राशि का भुगतान अब तक नहीं किया गया है। इस संबंध में कई बार अधिकारियों को पत्र और मौखिक रूप से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। कहा कि अनुबंध समाप्त होने के बाद भी अधिशासी अभियंता के मौखिक निर्देश पर कर्मचारी वर्तमान समय तक अनुरक्षण से संबधित सभी कार्य कर रहे हैं।

पानी को तरसे ग्रामीण, डेढ़ किलोमीटर की लग रही दौड़

कल्जीखाल ब्लॉक की ग्राम पंचायत दिउसा तोक के बगानीखाल में बनी है समस्या

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : गर्मी का मौसम बढ़ने के साथ ही पहाड़ों में भी पेयजल किल्लत होने लगी है। हालत यह है कि कल्जीखाल ब्लॉक के ग्राम पंचायत दिउसा के तोक गांव बगानीखाल में पिछले कई दिनों से पेयजल समस्या बनी हुई है।

ग्रामीणों को पानी के लिए डेढ़ किलोमीटर दूर प्राकृतिक स्रोत के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

गांव में 25 परिवार रहते हैं। लेकिन, पेयजल लाइन समस्या के कारण गांव में पानी नहीं आ रहा है। समस्या से परेशान ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा। कहा कि एक ओर घर-घर नल, घर-घर जल योजना चल रही है, वहीं बगानीखाल के लोगों को पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है। कहा कि इस कारण गांव में रह रहे 45 परिवारों में से अधिकतर ने पलायन कर लिया है। वर्तमान में गांव में कुल 25 परिवार ही निवास कर रहे हैं। इस संबध में वे अधिशासी अभियंता जल संस्थान पौड़ी, क्षेत्रीय विधायक, गढ़वाल सांसद और मुख्यमंत्री तक गुहार लगा चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। कहा कि ग्रामीणों के हित को देखते हुए जल्द समस्या का निराकरण किया जाना चाहिए।

प्राकृतिक स्रोत से पानी लेकर आती महिलाएं

मी गढ़वाली छौं पुस्तक का हुआ विमोचन

कोटद्वार : गढ़वाल राइफल रेजीमेंट सेंटर लैंसडौन के मुख्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गढ़वाल की संस्कृति, खानपान व सभ्यता पर आधारित पुस्तक मी गढ़वाली छौं पुस्तक का विमोचन हो गया है। गढ़वाल राइफल रेजीमेंट सेंटर लैंसडौन के मुख्यालय सुरजन आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में ब्रिगेडियर विनोद सिंह नेगी ने पुस्तक का विमोचन किया गया। कर्नल ऑफ द रेजीमेंट लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमण्यम और ब्रिगेडियर विनोद सिंह नेगी के मार्ग दर्शन में लिखी गई इस पुस्तक में गढ़वाल की पूरी संस्कृति को समाहित किया गया है। पुस्तक के संपादक कर्नल देवाशीष मुखर्जी ने बताया कि उनकी संपादकीय टीम ने पुस्तक में गढ़वाल की संस्कृति, परंपराओं, खान-पान, लोकनृत्य का वर्णन किया है। पुस्तक को इतना सरल और सहज भाषा में प्रस्तुत किया है कि गढ़वाल राइफल मे देश के किसी भी प्रांत से आने वाले सैनिक एवं उनके परिवारजन गढ़वाल के रीति-रिवाज, संस्कृति को आसानी से जान सकते हैं। पुस्तक में गढ़वाली गीतों और गढ़वाली चलचित्रों को क्यू-आर कोड के माध्यम से संजोये गया है। इस मौके पर नायब सूबेदार संतोष कुकरेती, नायब सूबेदार राम सिंह, हवलदार राम सिंह, नायक प्रवीन पंवार, नायक पवन रावत, सूबेदार सेवानिवृत्त बलबीर सिंह रणा, भगवती सिंह, मीना अधिकारी आदि मौजूद रहे।

डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर होंगे कार्यक्रम

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : संविधान निर्माता बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गई।

बैठक में नवनियुक्त जिला प्रभारी एवं प्रदेश प्रवक्ता नवीन ठाकुर ने कहा कि संविधान निर्माण में दिया गया बाबा साहेब का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। बाबा साहेब की जयंती के मौके पर छह से 15 अप्रैल तक जिले में प्रत्येक बूथ पर कार्यक्रम होगा। इसके माध्यम से बाबा साहेब के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। इसके लिए संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी। कार्यक्रम में लैंसडौन विस के विधायक दिलीप सिंह रावत, महापौर शैलेंद्र सिंह रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष राजगौरव नौटियाल सहित अन्य पदाधिकारियों ने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर सह संयोजक अनीता आर्य, जिला उपाध्यक्ष मोहन सिंह नेगी, दीपक भंडारी, प्रशांत बछवान, शशि कुमार, गोविंद सिंह बिष्ट, विकासदीप मित्तल, आशीष आदि मौजूद रहे।

शहर में निकाली कलश यात्रा

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : चैत्र नवरात्र के उपलक्ष में आमपड़ाव में मां भगवति का जागरण आयोजित किया गया। जागरण से पूर्व महिलाओं ने शहर में कलश यात्रा निकाली। साथ ही मां भगवती से सुख-शांति की कामना की।

शुक्रवार रात वाल्मीकि समाज की ओर से आमपड़ाव में जागरण का आयोजन किया गया। इससे पूर्व शुक्रवार शाम को शहर में कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में शामिल महिलाएं मां भगवती के जय-जयकार करते हुए चल रही थी। आयोजक समिति की सदस्य रीना देवी ने बताया कि मां दुर्गा के प्रति हिंदू समाज की अटूट श्रद्धा है। ऐसे में समाज के लोगों ने आमपड़ाव में जागरण करवाने का निर्णय लिया। बताया कि जागरण से पूर्व झंडाचौक, बदरीनाथ मार्ग, पटेल मार्ग से होते हुए आमपड़ाव तक कलश यात्रा निकाली गई। कलाश यात्रा में समाज की सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। साथ ही मां दुर्गा से अपने परिवार की सुख-शांति के साथ ही समाज की तरक्की की कामना की गई। इस मौके पर यशोदा देवी, मुन्नी देवी, अर्चना देवी आदि मौजूद रहे।

कोटद्वार में जागरण से पूर्व शोभायात्रा निकालती समाज की महिलाएं

फाउंडेशन ने विद्यार्थियों को बांटे बैग

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : तपित एक पहल फाउंडेशन की ओर से प्रखंड पोखड़ा के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय ड्वीलाखाल के विद्यार्थियों को बैग वितरित किए गए। इस दौरान सदस्यों ने अन्य संस्थाओं से भी विद्यार्थियों की मदद के लिए आगे आने की अपील की।कार्यक्रम के दौरान फाउंडेशन के सदस्यों ने बच्चों को निःशुल्क बैग वितरित किए। फाउंडेशन के डायरेक्टर संजय गुसाईं ने बताया कि क्षेत्र विकास की रोशनी से काफी दूर है। सड़कें बदहाल हैं। स्वास्थ्य व्यवस्थाएं नही हैं। ऐसे में फाउंडेशन ने यहां के बच्चों के बीच पहुंच कर उन्हें मदद देने का फैसला लिया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुजीत कुमार व शिक्षक विनोद रावत ने फाउंडेशन के कार्यों की प्रशंसा की।

सम्बन्ध विच्छेद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारा पुत्र विक्की एवं उसकी पत्नी रूपम देवी (पुत्री श्री महानन्द) हमारे कहने सुनने में नहीं है तथा दोनों अपनी मनमानी करते रहते है तथा बिना वजह घर में क्लेश व लड़ाई-झगड़ा करते रहते है। हमारे पुत्र एवं पुत्रवधु ने हमें बिना बताये व बिना सलाह लिये बाहरी लोगों से उधार ले रखा है तथा हमारे पुत्र व पुत्रवधु द्वारा उधार ली गयी धनराशि न चुकाने पर कर्जदार हमें परेशान करते है। हमने अपने पुत्र विक्की एवं उसकी पत्नी रूपम देवी द्वारा बिजा वजह कर्ज लेने व कर्जदारों द्वारा हमें परेशान करने जैसे गलत हरकतों व लड़ाई-झगड़ा से परेशान होकर उन्हें अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते है। आज के बाद हमारा अपने पुत्र विक्की व उसकी पत्नी रूपम देवी के साथ किसी भी प्रकार का कोई सम्बन्ध नहीं है तथा वह अपनी गलत हरकतों के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे।

हुकम सिंह पुत्र स्व0 मक्खन सिंह एवं शकुन्तला देवी पत्नी श्री हुकम सिंह निवासीगण काशीरामपुर मल्ला, पट्टी सुखरौ, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।

(0896/11)

अदालती सूचना

न्यायालय असि0 कलेक्ट्र प्रथम श्रेणी, कोटद्वार गढ़वाल।

राजस्व वाद संख्या- 18/21

श्री राजेश - बनाम - उत्तराखण्ड सरकार आदि

समन बनाम्- 1- श्री भगत सिंह पुत्र श्री फरसराम, 2- श्री आत्माराम पुत्र श्री कातिगु, 3- श्रीमती राजेश्वरी देवी पत्नी श्री जय प्रकाश, 4- श्री सूर्यप्रकाश पुत्र श्री जय प्रकाश, 5- श्री वेदभूषण पुत्र श्री जय प्रकाश, 6- श्री महावीरचन्द्र पुत्र श्री कुकन्दी, 7- श्री प्रेम सिंह पुत्र श्री छवाण सिंह, 8- श्री उम्मेद सिंह पुत्र श्री छवाण सिंह, 9- श्री अमर सिंह पुत्र श्री छवाण सिंह, 10- श्री यशवन्त सिंह पुत्र श्री हुकम सिंह, 11- श्री संतोष सिंह पुत्र श्री हुकम सिंह, 12- श्रीमती गौरादेवी पत्नी श्री हुकम सिंह, 13- श्री कैलाशचन्द्र पुत्र श्री भूरे सिंह, 14- श्री संदीप सिंह पुत्र श्री उदय सिंह, 15- श्री रतन कुमार पुत्र श्री रामगोपाल सिंह, 16- श्री सुल्तानसिंह पुत्र श्री रेवाधर, 17- श्री आनन्द सिंह पुत्र श्री रेवाधर, 18- श्री एतवारू पुत्र श्री रमसू, 19- श्री राजेन्द्र सिंह पुत्र श्री बलदेव सिंह, 20- श्री महेन्द्र सिंह पुत्र श्री बलदेव सिंह, 21- श्री पूरण सिंह पुत्र श्री पांचू, 22- श्री चन्द्री पुत्र श्री श्री पांचू, 23- श्री लाल सिंह पुत्र श्री महिपाल सिंह, 24- श्री हरेन्द्र सिंह पुत्र श्री महिपाल सिंह, 25- श्री रवीन्द्र सिंह पुत्र श्री महिपाल सिंह, 26- श्री भूपाल सिंह पुत्र श्री घनश्याम, 27- श्री गोपाल सिंह पुत्र श्री घनश्याम, 28- श्री मगन सिंह पुत्र श्री घनश्याम, 29- श्री वीर सिंह पुत्र श्री रैजा, 30- श्री मोहन सिंह पुत्र श्री रैजा, 31- श्री मदनलाल पुत्र श्री वाली, 32- श्री मोहन लाल पुत्र श्री वाली, 33- श्री उम्मेद सिंह पुत्र श्री ज्ञानी, 34- सुखदामिनी पुत्री श्री मुकन्दीलाल, 35- श्री मनोज कुमार पुत्र श्री महावीर चन्द्र उर्फ महावीर सिंह, 36- श्री विनोद कुमार पुत्र श्री महावीर चन्द्र उर्फ महावीर सिंह, 37- श्री अनिल कुमार पुत्र श्री महावीर चन्द्र उर्फ महावीर सिंह, 38- श्रीमती इन्द्रा देवी पत्नी श्री महावीर चन्द्र उर्फ महावीर सिंह, 39- श्री अशोक कुमार पुत्र श्री उदय सिंह, 40- श्री कैलाश चन्द्र पुत्र श्री भूरे सिंह, 41- श्री जगमोहन सिंह पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह, 42- श्रीमती शांति देवी पत्नी श्री मोहन सिंह, 43-श्रीमती देवकी देवी पत्नी श्री श्याम सिंह, 44- श्री विशन सिंह पुत्र श्री श्याम सिंह, 45- श्री भगत सिंह पुत्र श्री श्याम सिंह, 46-श्रीमती महेश्वरीदेवी पत्नी श्री राजेन्द्र सिंह, 47- श्री गजेन्द्र सिंह पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह, 48-श्री हरेन्द्र सिंह पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह, 49- श्री प्रकाश सिंह पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह, 50- श्री रघुवीर सिंह पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह, 51- श्री ताजवर सिंह पुत्र श्री औतार सिंह, 52- श्री आनन्द सिंह पुत्र श्री कुलदेव, 53- श्री गोवर्द्धन प्रसाद श्री शिवचरण, 54-श्री सिद्ध प्रसाद पुत्र श्री शिवचरण, 55-श्रीमती जिवाली देवी पत्नी श्री सुरेन्द्र सिंह, 56-श्री जगमोहन सिंह पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह, 57- श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी श्री सुखदेव, 58- श्री हर्षदेव पुत्र श्री सुखदेव, 59- श्री संदीप राणा पुत्र श्री उदय सिंह, 60- श्री अशोक सिंह पुत्र श्री उदय सिंह, ग्राम साजासैंण, पट्टी सीला, तहसील-कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड के खाता सं0 05

हरगाह वादी उपरोक्त ने मेरे न्यायालय में एक घोषणात्मक वाद अन्तर्गत धारा-229बी ज0उ0 एवं भू0सु0अधि0 के अन्तर्गत पेश किया है। जिसमें आपकी उपस्थिति वांछनीय है। अतः आपको हुक्म होता है कि आप दिनांक 06.05.25 को बवक्त 10.00 बजे दिन मेरे न्यायालय असालतन या वकालतन न्यायालय उपस्थित होकर अपनी पैरवी करना सुनिश्चित करे अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में वाद में एक पक्षीय कार्यवाही अमल मे लाई जायेगी।

मेरे हस्ताक्षर व मुहर अदालत के आज दिनांक 25.03.2025 को जारी किया गया।

आज्ञा से

न्यायालय असि0 कलेक्ट्र प्रथम श्रेणी, कोटद्वार गढ़वाल

(0897/11)

राजस्व पुलिस ने जेसीबी मशीन को किया सीज

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : दुगड्डा के ग्राम पंचायत उमथगांव के राजस्व ग्राम लिसड़ी में सरकारी भूमि व ग्रामीणों की नापखेत की भूमि में जेसीबी लगाकर अतिक्रमण व सड़क निर्माण का मामला प्रकाश में आया है। राजस्व पुलिस ने सड़क निर्माण में लगी जेसीबी को मौके पर सीज किया, लेकिन रात को जेसीबी चालक जेसीबी लेकर भाग खड़ा हुआ। राजस्व पुलिस ने उसका पीछा कर दुगड्डा में पकड़ लिया और जेसीबी को तहसील परिसर लाकर सीज कर दिया है। राजस्व पुलिस की ओर से नौ लाख रुपये का जुर्माना लगाने की संस्तुति जिलाधिकारी से की गई है।

ग्रामीण राजेंद्र प्रसाद डोबरियाल, अनुसूया प्रसाद डोबरियाल, राकेश चंद्र डोबरियाल, जेपी डोबरियाल ने बताया कि भूमाफिया द्वारा उनके 40 नाली भूमि के साथ ही सरकारी भूमि पर बिना अनुमति के जेसीबी मशीन लगाकर सड़क का निर्माण व कब्जा किया जा रहा है। सूचना पर पहुंची राजस्व पुलिस को देखकर जेसीबी चालक मौके से फरार हो गया। राजस्व पुलिस उसे बुलाने के लिए उसके किराये के कमरे में गई, लेकिन वह कमरे में नहीं मिला। जिस पर राजस्व पुलिस ने मौके पर जेसीबी को सीज कर दिया। रात को तीन बजे जेसीबी चालक मौके पर पहुंचा और जेसीबी लेकर भाग खड़ा हुआ। ग्रामीणों की सूचना पर राजस्व पुलिस ने उसका पीछा कर उसे दुगड्डा में पकड़ लिया। उधर, ग्रामीणों की ओर से मामले की शिकायत एसएसपी पौड़ी से भी की गई है। नायब तहसीलदार सरदार सिंह चौहान ने बताया कि ग्रामीणों की नापखेत व सरकारी भूमि में अतिक्रमण कर सड़क का निर्माण कर रही जेसीबी को सीज कर तहसील परिसर में लाकर खड़ा कर दिया गया है। जेसीबी स्वामी पर 9 लाख का जुर्माना लगाने की संस्तुति डीएम पौड़ी से की गई है।

राउप्रावि डवालीखाल के छात्रों को दिए स्कूल बैग

पौड़ी : राजकीय उच्चतर प्राथमिक विद्यालय डवीलाखाल में तपित एक पहल फाउंडेशन की तरफ से सभी छात्र-छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने और उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से निःशुल्क स्कूल बैग वितरित किए गए। फाउंडेशन के डायरेक्टर संजय गुसांई ने फाउंडेशन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र मे किये जा रहे कार्यों की तारीफ करते हुए कहा कि तपित एक पहल फाउंडेशन शिक्षा के क्षेत्र में बुनियादी स्तर से काम कर रही है जो काफी अनुकरणीय है। प्रधानाध्यापक सुजीत कुमार व सहायक अध्यापक विनोद रावत ने सभी अतिथियों को स्कूल की तरफ से ग्राम व पोखड़ा ब्लॉक में किये जा रहे विकासत्मक कार्यों एवं शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे प्रयास के लिए आभार व्यक्त किया।

देवी के मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : नवरात्रि के सप्तम दिवस में भी देवी के मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। शहर से सटे हुए अछरीखाल स्थित वैष्णो देवी मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहा।

वहीं, कोट ब्लॉक के भुवनेश्वरी सिद्धपीठ में भी दैनिक पूजन के साथ पारंपरिक वेशभूषा में विभिन्न प्रतिभागी टीमों ने अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन करते हुए संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन का संदेश दिया। इस दौरान डाडापानी जय ज्वाल्पा कीर्तन मंडली वार्ड न 10 पौडी, कीर्तन मंडली देवल, कीर्तन मंडली फलस्वाडी, बौंसरी, गौरा कीर्तन मंडली सर्किट हाउस, थाती माता कीर्तन मंडली कठुड टीमों ने कीर्तन भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दी।

विद्यार्थियों का हुआ इंस्पायर योजना के तहत चयन

एसजीआरआर लालपानी की छात्रा आयुषी रावत।

एसजीआरआर लालपानी का छात्र अंकुश।

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : सनेह क्षेत्र के अन्तर्गत श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल लालपानी के दो विद्यार्थियों के आइडिया का चयन इंस्पायर योजना के तहत जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इन चयनित विद्यार्थियों को अपने मॉडल बनाने के लिए सरकार की ओर से दस-दस हजार रुपये प्रदान कर दिए गये हैं। मॉडल तैयार होने के बाद इनमें से राज्य स्तर के लिए मॉडल का चयन किया जाएगा। राज्य स्तर पर चयनित विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर पर भेजा जाएगा।

शुक्रवार को शिक्षिका कल्पना रावत ने बताया कि विद्यालय में आठवी कक्षा की छात्रा आयुषी रावत और कक्षा सात के छात्र अंकुश के आइडिया का चयन कहा इंस्पायर योजना के अंतर्गत हुआ है। बताया कि इंस्पायर योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना है, ताकि विद्यार्थियों को नई तकनीकों से जोड़ा जा सके और उनका मानसिक विकास हो सके। विद्यालय के प्रधानाचार्य विभाकर डबराल ने छात्र, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि छात्रों की उपलब्धि विद्यालय के लिए गर्व का क्षण है। विद्यालय के अन्य छात्रों को इससे प्रेरणा लेनी चाहिए। बताया कि दोनों विद्यार्थियों को विज्ञान मॉडल बनाने के लिए धनराशि दे दी गई है।

डॉ जैक्सवीन के जन्म दिवस पर स्कूल में हुए कई कार्यक्रम

रुद्रप्रयाग। गुप्तकाशी के डॉ. जैक्सवीन स्कूल में शुक्रवार को संस्था के प्रेरणास्रोत प्रख्यात फ्रांसीसी लेखक एवं साहित्यकार डॉ. जैक्स वीन की जयंती पर खेल एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल, कार्यक्रम अध्यक्ष पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष वाचस्पति सेमवाल एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस मौके पर शैक्षिक सत्र 2024–25 में अपनी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने, ब्लॉक, जनपद व राज्य स्तर पर विभिन्न गतिविधियों में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करने एवं खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं को मुख्य अतिथि के हाथों सम्मानित किया गया। जबकि संस्था द्वारा शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोकप्रिय कवि ओमप्रकाश सेमवाल को उत्कृष्ट लेखन क्षमता, गढ़वाली भाषा के संरक्षण, संवर्द्धन एवं साहित्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान के लिए उत्तराखंड कविकुलतिलक शिरोमणि सम्मान 2025, मदन अग्रवाल को क्षेत्र में विभिन्न खेलों को प्रात्साहित करने एवं शोर्य नेगी को शतरंज के खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया।

शहर की समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर रोष

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : नागारिक मंच ने विधानसभा के मुख्य समस्याओं का समाधान न होने पर आक्रोश जताया। कहा कि वर्तमान में लालढांग-चिलरखाल, मोटर नगर, मेडिकल कालेज, टाइगर सफारी जैसे मुद्दों पर कोई चर्चा तक नहीं हो रही है। कहा कि नगर निगम से संबधित समस्याओं को लेकर शीघ्र ही महापौर से मुलाकात की जाएगी।

व्यापार मंडल के सभागार में नागरिक मंच की बैठक आयोजित की गई, जिसमें जन समस्याओं का समाधान न होने पर नाराजगी जताई।

कहा कि वर्तमान में कोटद्वार में लालढांग-चिलरखाल, मेडिकल कालेज, मोटर नगर, टाइगर सफारी, पार्किंग जैसे मुद्दे जस के तस पड़े हुए है। जिन पर कोई कार्यवाही छोड़ए, चर्चा तक तक नहीं हो रही है। नागरिक मंच के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश नैथानी व सचिव अतुल भट्ट ने कहा कि विधानसभा का समग्र विकास करवाना मंच का मुख्य उद्देश्य है। कहा कि मोटर नगर बस अड्डा निर्माण, क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने व पार्किंग व्यवस्थाओं को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल महापौर शैलेंद्र सिंह रावत से मुलाकात करेगा। जिसमें समस्याओं का तत्काल समाधान करने के लिए वार्ता की जाएगी। पदाधिकारियों ने तेलीस्रोत पर पुल निर्माण की स्वीकृति मिलने व शिलान्यास किए जाने पर खुशी जताई। इस मौके पर प्रवेश नवानी, बाचस्पति बहुखंडी, महावीर सिंह रावत, एसएन पांडे, राजेंद्र पंत, हर्षवर्धन ध्यानी, राजेंद्र कोटनाला, विजय माहेश्वरी मौजूद रहे।

छावनी परिषद्, लैन्सडौन

द्वितीय निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छावनी परिषद् द्वारा गॉधी चौक पार्किंग स्थल, निकट धर्मशाला पार्किंग स्थल, टिप-इन-टॉप पार्किंग स्थल एवं छावनी क्षेत्र के अन्य स्थल, पार्किंग शुल्क की वसूली हेतु ऑनलाईन निविदा देय दिथि से 01 वर्ष हेतु आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्न प्रकार से है :-

कोटेशन फार्म ऑन लाईन भरने की अन्तिम तिथि	21 अप्रैल 2025 (दोपहर 12:00 बजे तक)
कोटेशन खोलने की तिथि	22 अप्रैल 2025 (दोपहर 12:30 बजे तक)
अग्रिम धनराशि (केवल echhawani.gov.in के माध्यम से)	रू0 15,000/-
टेण्डर फार्म शुल्क (केवल echhawani.gov.in के माध्यम से)	रू0 17,70/-

1. कोटेशन फार्म www.defproc.gov.in वेवसाईट पर ऑन लाईन भरे जाएगे।
2. सम्बन्धित अन्य शर्ते कार्यालय में आकर या www.defproc.gov.in पर देखी जा सकती है।

पत्रांक 724/पार्किंग/छा0प0

कार्यालय छावनी परिषद् लैन्सडौन
दिनॉक 04 अप्रैल 2025

मुख्य अधिशासी अधिकारी
छावनी परिषद् लैन्सडौन

उत्तर रेलवे

निविदा आमंत्रण सूचना

क्र स	कार्य का नाम एवं लोकेशन	कार्य की अनुमानित लागत (₹)	कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है	बिड सिक्यूरिटी राशि (₹)	कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि	निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय	वेबसाइट एवं कार्यालय का पता
1.	**09 वरिष्ठ मं. वि. अभि./सा./मुरा/2025:** मुरादाबाद सब स्टेशन पर स्थापित 33/11 केवी, 3 एमवीए, 750 केवीए और 500 केवीए ट्रांसफार्मर की मरम्मत/रिवाइंडिंग।	**919330.26** (जीएसटी सहित)	विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद	**18400.00**	**3** (तीन) माह	निविदायें दिनांक **25.04.2025** को **15:00** बजे तक आमन्त्रित की जाती है जो उसी दिन **15:00** बजे खोली जायेगी।	वेबसाइट **www.ireps.gov.in** मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय/उत्तर रेलवे, मुरादाबाद
2.	**10 वरिष्ठ मं. वि. अभि./सा./मुरा/2025:** एक वर्ष के लिए मुरादाबाद मंडल में सबमर्सिबल पंपों की लिफ्टिंग और लोआरिंग के लिए विद्युत कार्य।	**865017.50** (जीएसटी सहित)	विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद	**17300.00**	**12** (बारह) माह		
3.	**11 वरिष्ठ मं. वि. अभि./सा./मुरा/2025:** मुरादाबाद मंडल में दो वर्षों के लिए रिमोट एसी कंट्रोल डिवाइस (आरएसीडी) के व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध के लिए विद्युत कार्य।	**524989.76** (जीएसटी सहित)	विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद	**10500.00**	**24** (चौबिस) माह		

निविदा सूचना सं.: 07/2025 दिनांक: 03.04.2025 1023/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लि.

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट आईडेन्टीटी संख्या: U40109UP2001SG025867/2358
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार

निविदा सूचना

विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार के अन्तर्गत निम्न वर्णित कार्यों के निष्पादन हेतु अनुभवी, उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रदत्त विद्युत ठेकेदारी 'ए' श्रेणी लाईसेन्स प्राप्त (आयकर, जी.एस.टी., ई.पी.एफ व ई.एस.आई. में पंजीकृत) एवं पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदाएं दो भागों में (प्रथम भाग में धरोहर धनराशि तथा द्वितीय भाग में दरें जो कि निविदा खुलने की तिथि से कम से कम 6 माह के लिए वैध हो) दिनांक 25.04.2025 के 13.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है जो कि उसी दिन 15.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि द

संक्षिप्त समाचार

स्थापना दिवस और आंबेडकर जयंती मनाने की बनाई रणनीति

श्रीनगर गढ़वाल : भाजपा पार्टी स्थापना दिवस और आंबेडकर जयंती को मनाने से पूर्व भाजपा श्रीनगर मंडल ने शुक्रवार को कार्यक्रम व्यवस्था बैठक आयोजित की। बैठक में नगर निगम के पार्षद, बूथ अध्यक्ष, सक्रिय सदस्य, प्राथमिक सदस्य और वर्तमान संगठन के पदाधिकारियों ने चर्चा की। मुख्य वक्ता भाजपा पौड़ी के पूर्व जिला अध्यक्ष संपत सिंह रावत कहा कि पार्टी 6 अप्रैल को अपना स्थापना दिवस मनाने जा रही है, जिसमें सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता प्राथमिक सदस्य एवं सक्रिय सदस्य अपने-अपने घरों पर झंडा फहराकर सेल्फी के साथ एक विशेष लिंक पर अपलोड करेंगे। बताया कि 7 अप्रैल को प्राथमिक सदस्यों का सम्मेलन और 8 अप्रैल से 10 अप्रैल के मध्य सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन होगा। रावत ने बताया कि 13 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति स्थल पर साफ-सफाई की जाएगी और 14 अप्रैल को अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण करने के साथ-साथ जयंती को ऐतिहासिक रूप में मनाया जाएगा। मंडल अध्यक्ष विनय घिल्डियाल ने बताया कि शीर्ष नेतृत्व से मिले दिशा निर्देश के अनुसार पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि बस्ती चलो अभियान में प्रतिभाग करेंगे जो 10 अप्रैल से 12 अप्रैल के बीच में संपन्न होगा।

उच्च गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग

श्रीनगर गढ़वाल : नगर निगम श्रीनगर में बेकाबू गति से भाग रहे वाहनों, डंपरों और हाइवा पर नियंत्रण लगाने, हर चौराहे व मुख्य मार्गों पर उच्च गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की मांग पर सामाजिक कार्यकर्ता पृथ्वी सिंह बिष्ट और राकेश असवाल ने मुख्यमंत्री को ई-मेल पत्र भेजा है।

पृथ्वी सिंह बिष्ट ने कहा कि बड़े-बड़े डंपरों और हाईवे में विशेषकर बहुत तड़के और देर रात बड़ी मात्रा में अवैध खनन सामग्री ले जायी जा रही है। यह बड़े-बड़े लोडर नेशनल हाइवे पर बेकाबू गति से भी भगाए जा रहे हैं जिससे हर समय बड़ी दुर्घटना होने का भी खतरा बना रहता है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा कि शहर के हर मुख्य चौराहे पर स्वचालित उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं।

शिविर में 200 छात्रों ने कराई जांच

श्रीनगर गढ़वाल : राष्ट्रीय मेडिकोस संगठन श्रीनगर इकाई ने शुक्रवार को प्रकाश ऑप्टिकल्स श्रीनगर के सहयोग से सरस्वती विद्या मंदिर श्रीनगर में एक निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया। शिविर में 200 से अधिक छात्र-छात्राओं का नेत्र परीक्षण किया गया। इस दौरान छात्रों को आंख को साफ और सुरक्षित रखने के टिप्स भी दिए गये। इस मौके पर कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. अमन भारद्वाज, प्रकाश ऑप्टिकल्स के ऑप्टोमेट्रिस्ट अमर्त्य बड़थ्वाल, प्रधानाचार्य गोविंद सिंह रावत आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

उत्तराखण्ड ड्रग विभाग में हुई 18 नए औषधि निरीक्षकों की नियुक्ति

राज्य की फार्मास्यूटिकल सप्लाई चेन की मॉनिटरिंग मजबूत होगी

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : उत्तराखंड सरकार ने राज्य में औषधि निरीक्षक ग्रेड-2 के 18 नए पदों पर नियुक्ति आदेश जारी कर दिए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने सभी नव नियुक्त औषधि निरीक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए जनहित में पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने की अपील की। स्वास्थ्य सचिव एवं खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन, उत्तराखंड के प्रमुख डॉ. आर. राजेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह नियुक्तियां चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग तथा लोक सेवा आयोग, उत्तराखंड के माध्यम से की गई हैं। नव नियुक्त अधिकारियों को दो वर्षों की परिवीक्षा अवधि पर तैनात किया गया है और सभी को तत्काल अपने तैनाती स्थान पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। डॉ. राजेश कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा यह कदम राज्य में औषधि प्रशासन को मजबूत करने और जनता तक गुणवत्तापूर्ण दवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। इन नियुक्तियों से राज्य की फार्मास्यूटिकल सप्लाई चेन की मॉनिटरिंग मजबूत होगी और औषधि नियंत्रण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा। स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि नए औषधि निरीक्षकों की तैनाती से उत्तराखंड में नकली और अवैध दवा माफिया पर कड़ी कार्रवाई की जा सकेगी। सरकार का मुख्य उद्देश्य राज्य में गैर-कानूनी रूप से बिकने वाली और घटिया गुणवत्ता वाली दवाओं की रोकथाम करना है। उन्होंने कहा कि औषधि निरीक्षकों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने क्षेत्रों में औषधि विक्रेताओं और कंपनियों की नियमित जांच करें और किसी भी अनियमितता पर त्वरित कार्रवाई करें। डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि औषधि निरीक्षकों को आधुनिक तकनीकों और डिजिटल मॉनिटरिंग सिस्टम से जोड़ा जाएगा, जिससे बाजार में मिलने वाली सभी दवाओं की गुणवत्ता पर बारीकी से नजर रखी जा सके। सरकार अवैध रूप से बिकने वाली एंटीबायोटिक्स, पेन किलर्स और अन्य नियंत्रित दवाओं की बिक्री पर लगाम लगाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी नव नियुक्त औषधि निरीक्षकों से जल्द से जल्द अपने कार्यभार को ग्रहण करने की अपील की है, जिससे प्रदेश में औषधि निरीक्षण और गुणवत्ता नियंत्रण की प्रक्रिया को सुचारू रूप से लागू किया जा सके।

नव नियुक्त औषधि निरीक्षकों की तैनाती सूची

निधि शर्मा (उधमसिंह नगर), विनोद पंवार (देहरादून), शुभम कोटलाला (उधमसिंह नगर), हार्दिक भट्ट (चमोली), गौरव कुकरेती (एफडीए मुख्यालय), अनुजा उप्पल (नैनीताल), निधि रतूड़ी (देहरादून), सीमा बिष्ट चौहान (पौड़ी), नेहा (हरिद्वार), निशा रावत (एफडीए मुख्यालय), अमित कुमार आजाद (रुद्रप्रयाग), रिशभ धामा (टिहरी), हरिओम सिंह (हरिद्वार), पंकज पंत (पिथौरागढ़), पूजा रानी (बागेश्वर), पूजा जोशी (अल्मोड़ा), हरिता (चम्पावत), मो. ताजिन (उत्तरकाशी)।

चारधाम यात्रा की व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण करें

श्रीनगर गढ़वाल : आगामी चारधाम यात्रा को देखते हुए नगर निगम क्षेत्र में व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिये एसडीएम/नगर आयुक्त श्रीनगर नूपुर वर्मा ने शुक्रवार को तहसील सभागार में नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों की बैठक ली। एसडीएम नूपुर वर्मा ने चारधाम यात्रा शुरु होने से पूर्व श्रीनगर नगर निगम क्षेत्र में पानी, शौचालय, स्ट्रीट लाइटें और अन्य व्यवस्थाओं को सुचारु रखने के निर्देश दिये।

कहा कि यात्रा में आये श्रद्धालुओं को दी जाने वाली व्यवस्थाओं को समय रहते पूर्ण किया जाय, जिससे यात्रा में पहुंचने वाला हर एक यात्री अच्छा संदेश लेकर जाय। नगर आयुक्त नूपुर वर्मा ने नगर निगम क्षेत्र में आमजन को सुविधा मिले इसके लिये महत्वपूर्ण विकास कार्य किये गये हैं। (एजेंसी)

प्रवासियों द्वारा गोद लिए गए गांवों में होने वाले कार्यों का प्लान तैयार करें : सीडीओ

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : उत्तराखंड प्रवासियों द्वारा जनपद के पांच गांवों को गोद लिए जाने को लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गोद लिए गांवों में जो-जो कार्य होने हैं उसकी कार्य योजना तैयार कर दो दिन के भीतर प्रस्तुत करें।

शुक्रवार को आयोजित बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने मुख्य शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि उत्तराखंड के प्रवासियों द्वारा गोद लिए गांवों के अंतर्गत विद्यालयों में लैब, फर्नीचर, वीसी कक्ष, कम्प्यूटर सहित जो भी अन्य कार्य किए जाने हैं उनकी पूरी प्लानिंग तैयार करें। उन्होंने कहा कि यमकेश्वर के पंचुर गांव में आईजीएल (इंडिया ग्लाइकोल्स लि.) द्वारा बनाए गए विद्यालयों की तर्ज पर प्रवासियों द्वारा गोद लिए गांवों में भी उसी के अनुरूप कार्य किया जाए। वहीं उन्होंने सीएमओ को कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रवासियों द्वारा जो कार्य किए जाने हैं उसका सर्वे करें, जिससे ग्रामीणों को गांव में ही स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी। इसके अलावा उन्होंने संबंधित क्षेत्रों के खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रवासियों द्वारा गोद लिए गांवों में शिक्षा, स्वरोजगार, पर्यटन, स्वास्थ्य सहित अन्य क्षेत्र में किए जाने वाले कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें, जिससे शासन व उत्तराखंड प्रवासियों को उन कार्यों की जानकारी दी जा सकेगी। उन्होंने कहा कि प्रवासियों द्वारा गोद लिए गांवों में जो लोग बाहर रह रहें हैं उनका डेटाबेस तैयार करें। बैठक में बताया गया कि ए.के. काला द्वारा विकासखंड खिर्सू के पंडल्यूं, महेंद्र सिंह ने विकासखंड कल्जीखाल के हरकोट मल्ला और हरकोट तल्ला, मनीष जुगरान ने विकासखंड यमकेश्वर के पिलखेड़ी, अनीता शर्मा ने विकासखंड कल्जीखाल के बिलखेत व अनाल बहुगुणा ने विकासखंड खिर्सू के पोखरी, बुघाणी और खिर्सू गांव को गोद लिया गया है।

वनाग्नि रोकने के लिए विभाग कार्ययोजना बनायें : डीएम दीक्षित

नई टिहरी। डीएम मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में जिला स्तरीय वनाग्नि सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में डीएम ने अप्राकृतिक तरीके से वनाग्नि की घटनाओं को अंजाम देने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही के निर्देश दिये। वनाग्नि को रोकने के लिए सामुदायिक सहयोग को जन जागरूकता के माध्यम से बढ़ाने के लिए सम्बंधित विभागों को कार्य करने को कहा। वनाग्नि रोकने की पुख्ता कार्ययोजना को बनाने को भी निर्देशित किया। बैठक में डीएम ने सभी एसडीएम को फायर सीजन से पूर्व वनाग्नि की दृष्टि से संवदेनशील गांवों में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कराने, फायर सीजन के दौरान किसी भी कार्यक्रम में वन विभाग के वाहनों को न लगाने तथा जन-जागरूकता कार्यक्रम चलाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही संबंधित अधिकारियों को रणनीति बनाकर टीमें तैनात करने, अग्नि शमन उपकरण एवं वाहनों को पर्याप्त मात्रा में रखने, लक्ष्य निर्धारित कर पिरूल संग्रह करवाने, सड़क किनारे पिरूल की सफाई करने एवं घरों के आस-पास झाड़ी कटान करवाने को कहा गया। अधिकारियों द्वारा वनाग्नि सुरक्षा को लेकर अपने-अपने सुझाव दिये गये।

चौरास में गहराने लगा पेयजल संकट

श्रीनगर गढ़वाल : गर्मी बढ़ने के साथ ही चौरास में पेयजल संकट गहराने लगा है। पानी की बढ़ती समस्या से निजात दिलाने की मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता सतीश थपलियाल ने उपजिलाधिकारी कीर्तिनगर को ज्ञापन सौंपते हुए जीवीके जल विद्युत परियोजना के डीएसबी टैंक से पानी उपलब्ध कराने की मांग की। थपलियाल ने बताया कि चौरास क्षेत्र में साल भर पानी की समस्या बनी रहती है, लेकिन गर्मियों के दौरान यह समस्या विकराल स्वरूप ले लेती है। कहा कि वर्तमान समय में पेयजल योजना की टंकियों में पर्याप्त पानी पंप न होने से ग्रामीणों को न के बराबर पानी मिल रहा है। स्थानीय लोग हैंडपंप व प्राकृतिक स्त्रोतों पर निर्भर हैं। उन्होंने कहा कि जीवीके जल विद्युत परियोजना द्वारा झील में ही पानी रोका जा रहा है। जब बांध से पानी छोड़ा जाता है तब उसी पानी को अपलिफ्ट किया जाता है, लेकिन वह पर्याप्त नहीं है। उन्होंने चौरास क्षेत्र की जनता को जल विद्युत परियोजना के डीएसबी टैंक से पानी उपलब्ध कराये जाने की मांग की है, जिससे क्षेत्र की जनता को गर्मियों में परेशानी का सामना न करना पड़े। (एजेंसी)

स्वाधीनता आंदोलन में हीरा सिंह का रहा महत्वपूर्ण योगदान: किशोर

नई टिहरी। नई टिहरी का आईटीआई अब स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हीरा सिंह चौहान के नाम से जाना जाएगा। गत वर्ष सरकार ने इसका शासनादेश जारी किया था। शुक्रवार को इसका लोकार्पण करते हुए कहा कि देश की आजादी सहित भारत-पाक युद्ध में अहम योगदान देने वाले स्व. चौहान को यह सच्ची श्रद्धांजलि होगी। छात्र-छात्राओं ने शानदार गीतों की प्रस्तुति दी।

शुक्रवार को टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. हीरा सिंह चौहान के नाम से आईटीआई का नामाकरण किया। विधायक ने कहा कि स्व. हीरा सिंह चौहान जिला मुख्यालय के निकटवर्ती बुड़ोगी गांव के निवासी थे। उन्होंने स्वाधीनता आंदोलन में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया था। इसके बाद वह बीएसएफ में भर्ती हुए। जहां उन्होंने 1971 के भारत-पाक युद्ध में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दुश्मनों के दांत खट्टे

किए थे। कहा कि महापुरुषों के नाम से शिक्षण संस्थानों सहित विभिन्न सरकारी संस्थानों के नाम किए जाने जरूरी हैं। जिससे हमें उनकी कुर्बानी का बोध हो। पूर्व विधायक धन सिंह नेगी ने कहा कि उनके कार्यकाल में ही यह प्रस्ताव सरकार को गया था। कहा कि स्व. चौहान का देश व प्रदेश के लिए अतुलनीय योगदान रहा। आईटीआई की प्रधानाचार्य पल्लवी ने संस्थान की उपलब्धि और नामकरण को लेकर जरूरी जानकारी दी।

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट आइडेन्टीटी संख्या : U40109UP2001SG025867/2358
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार

ई-निविदा विस्तार सूचना

विद्युत वितरण खण्ड, कोटद्वार से आमन्त्रित ई-निविदा सं0 09/EDDK/24-25 के निविदा प्रपत्र विक्रय करने की तिथि अपरिहार्य कारणवश 15.04.2025 को 10.00 बजे तक बढ़ायी जाती है तथा ई-निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की तिथि 15.04.2025 को 11.00 बजे तक स्वीकार की जायेगी एवं ई-निविदा प्रपत्र आनलाइन और ऑफलाइन निविदा भाग एक खुलने की तिथि 15.04.2025 एवं समय 15.30 बजे सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। अन्य शर्तें पूर्ववत है।

अधिशासी अभियन्ता,
पत्रांक : 604/विविखको/टी-6 दिनांक : 04.04.2025 वि0वि0 खण्ड, कोटद्वार

विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें
"राष्ट्र हित में बिजली बचाएं" (Customer Care Toll Free no. 1800 419 0405)

उत्तर रेलवे
ई-नीलामी

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / कोचिंग (ए.सी. ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा रोजा स्टेशन के समीप स्टाफ कैंटीन के संचालन एवं आवंटन हेतु ई-बोलियों website: www.ireps.gov.in पर दिनांक 21.04.2025 को आमंत्रित की गयी है, इनकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

1017/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/प्रथम द्वारा ई-टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

टेन्डर संख्या दिनांक	08-DRM-MB-25-26 03.04.2025	09-DRM-MB-25-26 03.04.2025
कार्य का नाम	Misc track activities in connection with track maintenance in the section of SSE/P.Way/ LRJ under ADEN-RK.	Misc track activities in connection with track maintenance in the section of SSE/P.Way/ RK under ADEN-RK.
निविदा का प्रकार	Works	Works
अनुमानित लागत (रु.)	69,96,573.65	79,88,011.50
धरोहर राशि (रु.)	1,39,900.00	1,59,800.00
टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय	01.05.2025, 16:00	01.05.2025, 16:00
बिडिंग स्टार्ट तिथि	17.04.2025	17.04.2025
आफर की वैधता	60 दिन	60 दिन
कार्य पूर्ण करने की अवधि	12 माह	12 माह

सं.: 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 03.04.2025 1022/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/समन्वय द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आन लाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

टेन्डर संख्या/दिनांक: 348-DRM-MB-24-25 Date 04.04.2025, कार्य का नाम: Pre and post attention work of shoulder screening by SBCM/FRM over Moradabad Division under DEN/Track/MB.Chargable to Estt No-220/2024 RRSK.टेन्डर क्लोसिंग दिनांक: 01.05.2025. टेन्डर क्लोसिंग समय: 16:00 hrs. अनुमानित लागत: 2,09,19,960.00. धरोहर राशि: 2,54,600.00. टेन्डर फार्म की लागत: Nil. कार्य पूर्ण करने की तिथि: 12 माह. बिडिंग स्टार्ट तिथि: 17.04.2025. आफर की वैधता: 60 दिन

टेन्डर संख्या/दिनांक: 376-DRM-MB-24-25 Date 04.04.2025, कार्य का नाम: Loading, leading, unloading and stacking of P.way materials PSC line sleeper, T/Out sleepers, TWS, CMS, SEJ, Glued joints OR switch, rails etc from different track depots/ plants of Northern and other Railways to track depot CBJ and various site of work over MB division in the section of SSE/TD/CBJ under DEN/Track/MB. Estimate No. (268/2023 RRSK, 238/2024 RRSK & 220/2024 RRSK).टेन्डर क्लोसिंग दिनांक: 01.05.2025टेन्डर क्लोसिंग समय: 16:00 hrs. अनुमानित लागत: 3,43,59,552.70. धरोहर राशि: 3,21,800.00. टेन्डर फार्म की लागत: Nil. कार्य पूर्ण करने की तिथि: 12 माहे. बिडिंग स्टार्ट तिथि: 17.04.2025. आफर की वैधता : 60 दिन

नं. 75/W/2/3/WA/DEN-T/Publication/20 दिनांक : 04.04.2025 1027/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

जनपद में यूसीसी पंजीकरण की प्रगति सराहनीय: डॉ वी षणमुगम

रुद्रप्रयाग। समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के सफल क्रिन्यान्वयन को लेकर सचिव वित्त एवं महानिबंधक यूसीसी उत्तराखंड शासन डॉ. वी षणमुगम ने शुक्रवार को अफसरों के साथ यूसीसी को लेकर सवांद किया गया। मौके पर षणमुगम ने रुद्रप्रयाग जिले में यूसीसी पंजीकरण की प्रगति की सराहना की। जिला कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक जिलाधिकारी सौरभ गहरवार, मुख्य विकास अधिकारी जीएस खाती, नोडल अधिकारी, निबंधकों एवं उपनिबंधकों सहित अन्य संबंधित अफसरों ने भागीदारी की। महानिबंधक ने यूसीसी के प्रभावी क्रिन्यान्वयन पर चर्चा की। उपनिबंधकों की शंकाओं का समाधान करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पंजीकरण प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने पर जोर देते हुए कहा कि आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पंजीकरण प्रक्रिया को जटिल बनाने के बजाय इसे अधिक सुगम एवं सुविधाजनक बनाना जरूरी है। ताकि अधिक से अधिक लोग सहजता से पंजीकरण करा सके। महानिबंधक षणमुगम ने रुद्रप्रयाग जिले में यूसीसी पंजीकरण की प्रगति को लेकर जिला प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि कम जनसंख्या वाला जिला होने के बाद भी रुद्रप्रयाग जिले में अन्य कई जिलों से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं, जो जिला प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी को दर्शाता है। जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने जनपद में यूसीसी पंजीकरण की अद्यतन रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि जनपद में यूसीसी पंजीकरण की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है और अब तक 6,382 से अधिक यूसीसी पंजीकरण पूरे किए जा चुके हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जिले की कुल जनसंख्या के अनुपात में करीब 20 प्रतिशत लोगों का पंजीकरण हो चुका है, जो एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि जनपद में 60 प्रतिशत से अधिक सरकारी कर्मचारियों ने भी अपने यूसीसी पंजीकरण पूरा कर लिया है।

सिद्धपीठ राजराजेश्वरी गौरजा देवी में नवरात्रि पर भजन-कीर्तिन

नई टिहरी। नवरात्रि के पर्व के दिनों में नई टिहरी के प्रमुख मंदिरों वे श्रद्धालुओं का तांता निरंतर लगा हुआ है। शुक्रवार को सातवें दिन भी कालरात्रि के दिन मां काली के रूप में पूजा श्रद्धालुओं करने हुए मनोकामनायें मांगी और जग कल्याण की कामना भी की। दूसरी और मंदिरों में भजनों-पूजा अर्चना के साथ ही भक्ति गीतों की धूम रही। टिहरी के प्रमुख सिद्धपीछ सुरकंडा, कुंजापुरी व चंद्रबदनी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन पुण्य लाभ लिया। चैत्र नवरात्रि के सातवें दिन जौनपुर ब्लॉक के ग्राम छनांण गांव स्थित राजराजेश्वरी गौरजा देवी सिद्धपीठ में धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। ग्रामीणों ने भजन-कीर्तन कर देवी की विशेष पूजा की। उन्होंने मां भगवती से खुशहाली की कामना की। मुख्य पुजारी जसवीर रावत, हरिओम रावत और विकास रावत ने विधिवत तरीके से पूजा-अर्चना संपन्न कराई। पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य रविंद्र रावत ने राजराजेश्वरी गौरजा देवी के ऐतिहासिक महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि 18वीं सदी में मां काली ने इस क्षेत्र में विराट स्वरूप में प्रकट होकर भक्तों को दर्शन दिए थे। मां भगवती ने अगलाड नदी पार कर छलांग लगाई, जिससे यह स्थल चौरकाली के नाम से प्रसिद्ध हुआ। यहां पर भक्तों की मनोकामना पूरी होती है। मंदिर समिति के अध्यक्ष गोविंद रावत, पूर्व अध्यक्ष रणवीर रावत, पूर्व प्रधान बीर सिंह रावत, फकीर चंद रावत, रघुवीर रावत, कुलदीप रौंछेला आदि ने मंदिर में पूजा-अर्चना कर भक्तिमय कार्यक्रम आयोजित किए।

यूपीएस और एनपीएस के विरोध में निकाली बाइक रैली

नई टिहरी। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन संयुक्त मोर्चा ने प्रदेश कार्यकारिणी के आह्वान पर यूपीएस के विरोध में विकासखंड देवप्रयाग में बाइक रैली का आयोजन किया गया। बाइक रैली तहसील परिसर से देवप्रयाग मार्केट, पेट्रोल पंप ऋषिकेश रोड़ होते वापस तहसील चौक तक पहुंची।

इस रैली में जनपद टिहरी गढ़वाल के सभी विभागों के कर्मचारियों के साथ प्रदेश भर के कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजीव उनियाल ने कहा कि जब तक पुरानी पेंशन व्यवस्था को सरकार लागू नहीं कर देती, हम इसी प्रकार से प्रत्येक विकास खंड में जनपद स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करते रहेंगे। प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रोहित जोशी ने कहा कि यदि सरकार पुरानी व्यवस्था को लागू नहीं करती तो हमको बड़े आंदोलन के साथ-साथ पेन डाउन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। रैली का संचालन ब्लॉक मंत्री विजय आर्य ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक मियां, संरक्षक दया सागर उनियाल द्वारा किया गया।

वक्फ बोर्ड संशोधन बिल पारित होने पर जताई खुशी

नई टिहरी। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने लोकसभा और राज्य सभा में वक्फ बोर्ड संशोधन बिल पारित होने पर खुशी व्यक्त करते हुए मिष्ठान वितरित किया। कहा कि इस बिल के पास होने से गरीब अल्पसंख्यकों को उनके अधिकार मिलेंगे। साथ ही वक्फ बोर्ड की संपत्तियों को भी बचाया जा सकेगा। शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में मोर्चा के जिलाध्यक्ष तौफिक अहमद के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की ओर से वक्फ संशोधन बिल पारित कराने पर आभार जताया। कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने अल्पसंख्यकों केवल वोट बैंक के रूप में उपयोग किया है। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार गरीब अल्पसंख्यकों के हितों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। जिसका लाभ जरूरतमंद लोगों को मिल रहा है। कहा कि इस बिल के कानून बनने से गरीब अल्पसंख्यकों को लाभ मिलने के साथ ही बोर्ड की जमीनों को भी भू-माफियाओं से बचाया जा सकेगा। इस मौके पर टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय, जिलाध्यक्ष उदय रावत,मंडल अध्यक्ष विजय कठैत, सोहन चौहान,उरविशंकर,असगर अली,अब्दुल अतीक,सरफराज अहमद, जूही खान,राबिया,नौशाद आदि मौजूद थे।

सचिव युगल किशोर ने केदारनाथ धाम में जांचीं व्यवस्थाएं

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ यात्रा के लिए नोडल अधिकारी एवं सचिव संस्कृति आईएएस युगल किशोर पंत ने केदारनाथ धाम पहुंचकर यात्रा तैयारियों को लेकर जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने संबंधित अफसरों के साथ बातचीत की और ढाई घंटे केदारनाथ में रहने के बाद वापस लौट आए। इससे पहले उन्होंने ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में भी व्यवस्थाओं को लेकर बीकेटीसी कार्मिकों से बातचीत की। केदारनाथ धाम के कपाट 2 मई को खुल जाएंगे। यात्रा तैयारियों को पटरी पर लाने की कवायदें शुरू हो गई है। गुरुवार देर शाम जनपद पहुंचे सचिव युगल किशोर ने ऊखीमठ स्थित ओंकारेश्वर मंदिर में यात्रा तैयारियों को लेकर जानकारी ली। उन्होंने यहां तीर्थयात्रियों की मूलभूत सुविधाओं पेयजल, विद्युत, संचार, परिवहन, स्वास्थ्य, आवासीय व्यवस्थाओं के साथ ही पार्किंग की स्थिति, केदारनाथ धाम के लिए पैदल मार्ग में घोड़े खच्चर, डंडी सड़क मार्ग की जानकारी ली। शुक्रवार सुबह सचिव हेलीकॉप्टर से केदारनाथ धाम पहुंचे। जहां उन्होंने लोनिवि के साथ ही अन्य अफसरों के साथ यात्रा को लेकर जानकारी ली। उन्होंने केदारनाथ में पुनर्निर्माण के लिए पहुंची वुड स्टोन और गावर के कार्मिकों से भी बातचीत की। दोपहर साढ़े 12 बजे केदारनाथ पहुंचे सचिव ने ढ़ाई घंटे केदारनाथ धाम में गुजारा जबकि करीब 3 बजे करीब वे वापस लौट आए। इससे पहले ऊखीमठ में बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल की ओर से केदारनाथ धाम प्रभारी अधिकारी यदुवीर पुष्पवान ने सचिव को शीतकालीन पूजा व्यवस्था की जानकारी दी।

निवेशकों का धन लेकर फरार हुई एलयूसीसी के मामले की समीक्षा की

नई टिहरी। द लोनी अर्बन मल्टी-स्टेट क्रेडिट एवं थ्रिफ्ट कोपरेटिव सोसाइटी (एलयूसीसी) द्वारा निवेशकों का धन ना लौटाए जाने व कंपनी को बंद कर फरार होने पर विभिन्न थानों पर पंजीकृत अभियोगों के संबंध में एसएसपी आयुष अग्रवाल ने वीसी माध्यम से पुलिस कार्यालय में समीक्षा गोष्ठी आहूत की। पुलिस की मीडिया सेल से प्राप्त जानकारी के अनुसार एसएसपी अग्रवाल ने मामल में सीओ टिहरी, नरेंद्रनगर व चंबा सहित एसओ चंबा, एसओ घनसाली व एसओ देवप्रयाग व अभियोगों से सम्बंधी विवेचकों के साथ वीसी के माध्यम से गहन चर्चा की। कोपरेटिव सोसायटी ऊंचे ब्याज दरों का लालच देकर निवेशकों की करोड़ो रुपए की पूंजी लेकर फरार हो गई है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382-222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com